रोहतक

शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024

चैत्र मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 28, अंक : 68

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**

अधि. 36.0

न्यून. 19.2

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## नया रिकॉर्ड

# सोना 70 हजारी

**नई दिल्ली(भाषा)।** मजबूत वैश्विक संकेतों के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 850 रुपये के उछाल के साथ 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।



**चांदी भी उछली :** चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये के उछाल के साथ 81,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 80,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### सेंसेक्स 75 हजार के करीब पहुंचा



शेयर बाजार में भी गुरुवार को रौनक रही। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 74,501 का और निफ्टी ने 22,619 का ऑल टाइम हाई बनाया। हालांकि, बाद में ये थोड़ा नीचे आया और सेंसेक्स 350 अंक की तेजी के साथ 74,227 के लेवल पर बंद हुआ।

### निफ्टी भी नए शिखर पर

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 80 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,514.65 के अपने नए शिखर पर पहुंच गया। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 बढ़त के साथ बंद हुए।

## कलकत्ता हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

**अदालत ने कहा, यह लोगों की सुरक्षा से जुड़ा मामला**

# संदेशखाली पीड़ितों का 1% सच भी शर्मनाक, अगर ऐसा है तो पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी जिम्मेदार


एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को संदेशखाली मामले में याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पश्चिम बंगाल सरकार की जमकर खिंचाई की। बंगाल सरकार को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा, 'अगर इस मामले में एक फीसदी भी सच्चाई है तो यह शर्मनाक है। पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100% जिम्मेदार है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है।' पीठ ने महिलाओं के उत्पीड़न पर असंतोष जताया। लाइव लॉ के मुताबिक मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने कहा कि 'पूरे जिला प्रशासन और सत्तारूढ़ व्यवस्था को नैतिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

### हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

हाईकोर्ट ने कहा कि 'भले ही हलफनामा 1 फीसदी भी सच हो, यह बिल्कुल शर्मनाक है। पश्चिम बंगाल की सरकार कहती है कि यह महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित है? अगर एक हलफनामा सही साबित होता है तो ये सब खत्म हो जाता है।' मुख्य न्यायाधीश शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ जनहित याचिकाओं (पीआईएल) पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने इस मुद्दे पर अपना असंतोष जताया। इस मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

### प. बंगाल सरकार सहयोग नहीं कर रही : ईडी



*हाईकोर्ट ने मामले में स्वत: संज्ञान लिया, जब आरोप सामने आए कि महिलाओं पर बंदूक की नोक पर यौन उत्पीड़न' किया गया।*

***फरवरी में कोर्ट ने यह कहते हुए टीएमसी नेता की गिरफ्तारी का आदेश दिया कि उसकी गिरफ्तारी पर रोक नहीं है।***

### यह कहा याचिकाकर्ता ने

एक अन्य याचिकाकर्ता की वकील प्रियंका टिबरेवाल ने कहा, 'ज्यादातर महिलाएं अनपढ़ हैं। ई-मेल तो भूल जाइए, वो खत भी नहीं लिख सकती हैं। हमारे पास 500 से ज्यादा महिलाओं ने सेक्शुअल असॉल्ट की शिकायत की है। हमारे पास एफिडेविट हैं, जिनमें कहा गया है कि केवल एक शाहजहां गिरफ्तार हुआ है। उसके 1000 साथी गांव में घूम रहे हैं और शाहजहां के खिलाफ बयानबाजी ना करने के लिए धमका रहे हैं। ये लोग कह रहे हैं कि अगर महिलाओं ने बयान दिया तो उनके पति-बच्चों का सिर काटकर फुटबॉल खेलेंगे।'

**29 फरवरी को गिरफ्तार हुआ शेख :** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं से यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपित टीएमसी से निष्कासित नेता शेख शाहजहां को बंगाल पुलिस ने 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

**ईडी का आरोप:** राज्य सरकार के वकील किशोर दत्ता ने केंद्रीय जांच एजेंसियों की जांच के तरीके पर सवाल उठाए। इस पर केंद्र के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल धीरज त्रिवेदी ने राज्य सरकार पर सहयोग न करने का आरोप लगाया।


## पीएम का ममता पर प्रहार

# गुनहगारों को सजा दिलाना मोदी की गारंटी

**कूच बिहार(भाषा)।** बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार को लेकर गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने ममता सरकार पर तीखा हमला बोला है। बंगाल के कूच बिहार में पहली रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि बंगाल में बीजेपी ही माताओं-बहनों पर होने वाले अत्याचार को रोक सकती है। पीएम ने कहा कि बंगाल समेत पूरे देश ने देखा है कि कैसे टीएमसी सरकार ने संदेशखाली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। लेकिन ऐसे गुनहगारों को सजा दिलवाना ही मोदी की गारंटी है। संदेशखालि में हाल की घटनाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने आश्वासन दिया कि दोषियों को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा।



*(पेज 7 भी देखें)*



## खबर संक्षेप

### इस वित्त वर्ष में दवाओं की कीमतें नहीं बढ़ेंगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति में नगण्य वृद्धि को देखते हुए इस वित्त वर्ष 2024-25 में आवश्यक दवाओं की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं होगी। राष्ट्रीय राजधानी स्थित मुख्यालय में एक कार्यक्रम में मंत्री ने आश्वासन दिया कि यह ''मोदी की गारंटी'है। भाषा



### शाकाहारी थाली मार्च में हुई 7% महंगी : रिपोर्ट

**मुंबई।** मार्च में प्याज, टमाटर और आलू की कीमतें बढ़ने से शाकाहारी थाली सालाना आधार पर सात प्रतिशत तक महंगी हो गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई ने यह सर्वेक्षण पेश किया। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने अपनी मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट में कहा कि पॉल्ट्री की कीमतें घटने से मांसाहारी थाली की लागत में 7% गिरी है। भाषा

### हिमाचल में 5.3 तीव्रता का भूकंप, दहशत में लोग

**शिमला।** हिमाचल के शिमला, चंबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू और हमीरपुर में बृहस्पतिवार रात 9:35 पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। अचानक लगे झटकों के बाद लोग में दहशत देखने को मिली। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.3 आंकी गई। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एजेंसी



### व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम की सेवाएं आधी रात से ठप

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम की सेवाएं आधी रात को ठप पड़ गईं, जिसे करीब एक घंटे बाद बहाल किया गया। दोनों मंच का स्वामित्व मेटा के पास है। दुनियाभर में हजारों लोगों को व्हाट्सएप पर संदेश भेजने व प्राप्त करने में समस्याओं का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर व्हाट्सएप के आधिकारिक खाते पर जानकारी दी गई, हमें पता है कि लोग अभी पेरशानी का सामना कर रहे हैं। भाषा

# डीजेबी केस, पूर्व इंजीनियर और कॉन्ट्रेक्टर कोर्ट में पेश

**अदालत के ईडी को निर्देश-आरोपितों को चार्जशीट की कॉपी दें**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) मनी लॉन्ड्रिंग केस में गुरुवार को कोर्ट में पूर्व चीफ इंजीनियर और कॉन्ट्रेक्टर को पेश किया गया। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आदेश दिया कि वह सभी आरोपितों को चार्जशीट की कॉपी दे। जल बोर्ड के पूर्व चीफ इंजीनियर जगदीश आरोड़ा और कॉन्ट्रेक्टर अनिल अग्रवाल अभी ज्यूडिशियल कस्टडी में हैं। इनके अलावा एक अन्य आरोपित तेजिंदर सिंह को भी अदालत में पेश किया गया। चौथे आरोपित एनबीसीसी के पूर्व जनरल मैनेजर डीके मित्तल ने अदालत में अर्जी दी कि उन्हें पेश होने से छूट दे दी जाए।



- कोर्ट ने कहा था, आरोपितों के खिलाफ काफी सबूत
- चार के खिलाफ 30 को दर्ज की गई थी पहली चार्जशीट

### चारों को नोटिस जारी किया

कोर्ट ने 3 अप्रैल को ईडी की चार्जशीट पर एक्शन लेते हुए आरोपित देवेंदर मित्तल और तेजिंदर पाल सिंह को हाजिर होने का आदेश दिया था। इनके अलावा जगदीश अरोड़ा और अनिल अग्रवाल को भी कोर्ट में पेश करने का नोटिस जारी किया गया। कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट में आरोपियों के खिलाफ केस चलाने काफी सबूत मौजूद हैं। गुरुवार को स्पेशल जज भूपिंदर सिंह ने कहा चार्जशीट से लगता है कि सभी आरोपी व्यक्ति/कंपनी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जल बोर्ड टेंडर घोटाले में शामिल रहे हैं। जिसके आधार पर इन पर मुकदमा चलाया जा सकता है। ईडी ने 30 मार्च को जल बोर्ड केस में पहली चार्जशीट दाखिल की थी। मामला दिल्ली जल बोर्ड के इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फ्लो मीटरों की खरीदी से जुड़ी टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं का है। इसमें एक कंपनी और 4 लोगों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

**हाईकोर्ट ने कहा, लोकतंत्र को अपना काम करने दें, याचिकाकर्ता उप-राज्यपाल के पास जाए**

■

**केजरीवाल को 21 मार्च को किया था गिरफ्तार**

### केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली(भाषा)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की याचिका पर सुनवाई नहीं की। डिवीजन बेंच के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह ने कहा, अदालतों को चाहिए कि वो लोकतंत्र को अपना काम करने दें। याचिकाकर्ता यानी हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता अपनी याचिका लेकर उप-राज्यपाल (एलजी) के पास जा सकते हैं। गुप्ता के वकील ने कहा कि हम याचिका वापस लेते हैं और अब एलजी के पास जाएंगे।



## सोनीपत जेल में बंद शेखपुरा का अनूप फंदे पर लटका

# दुष्कर्म के दोषी ने सजा सुनाए जाने से चंद घंटे पहले दी जान

**सुसाइड नोट में खुद को निर्दोष बताया | जिला कोर्ट ने गुरुवार को ही सुनानी थी सजा | साल 2022 में महिला ने लगाया था नागालिग बेटी से दुष्कर्म का आरोप**

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** दुष्कर्म के मामले में सोनीपत जिला कारागार में बंद गांव शेखपुरा के अनूप ने गुरुवार को सजा सुनाए जाने से चंद घंटे पहले ही कारागार के बाथरूम में परना (गमछा) से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसे फंदे पर लटका देख कारागार प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस और एफएसएल की टीम पहुंची और जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। अस्पताल में न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। युवक के पास से सुसाइड नोट भी मिला बताया जा रहा है। इसमें उसने खुद को निर्दोष बताया है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है। मृतक के ताऊ के बेटे अमित ने बताया कि अदालत ने 1 अप्रैल को उसके भाई को दोषी करार दिया था। उसे पहले 2 अप्रैल को सजा सुनाई जानी थी। 2 अप्रैल को उसे सजा सुनाने के लिए 4 अप्रैल की तारीख दी गई थी। लेकिन उसने सुबह करीब सात बजे ही फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी।

### एक अप्रैल को दोषी ठहराया गया था



**बाथरूम में परने से लगाई फांसी**

- बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह करीब सवा सात बजे जिला कारागार में बंद नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी गांव शेखपुरा निवासी अनूप उर्फ उत्तम ने बाथरूम में फंदा लगा लिया।
- जब अन्य बंदी बाथरूम में पहुंचे तो वह खिड़की में परने के सहारे फंदे पर लटका मिला। उन्होंने कारागार प्रशासन को मामले की सुचना दी।

**जनवरी 2023 में गिरफ्तार**

अनूप के खिलाफ 12 दिसंबर, 2022 को एक महिला ने शिकायत दी थी कि उसने उनकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया है, जिसमें अनूप को 8 जनवरी, 2023 को मुरथल थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोपित का मामला कोर्ट में सुनवाई को लाया था। उसे 2 अप्रैल को दोषी करार दिया था।

**हम जांच कर रहे**

बंदी ने बाथरूम में फंदा लगा लिया है। शव को नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया था। मौके से सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।-*देवेंद्र कुमार, प्रभारी शहर थाना*

**पहले भी बंदी लगा चुके फंदा**

18 जनवरी को कारागार में उम्रकैद के सजायाफ्ता ने फंदा लगाकर जान दी थी। उत्तर प्रदेश के जिला हापुड़ के कनौर का प्रभुदयाल हत्या के मामले में बंद था।

■

3 दिसंबर, 2022 को बेटे की हत्या में दोषी बुजुर्ग मां ने कारागार में टोंटी पर फंदा लगा जान दी थी।

■

30 दिसंबर, 2020 को कारागार में दहेज हत्या के आरोपित ने फंदा लगाकर जान दे दी थी।

# बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत ने ओडिशा अपतटीय क्षेत्र में एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-प्राइम' का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण बुधवार शाम किया गया। सामरिक बल कमान (एसएफसी) ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर 1,000 से 2,000 किमी की मारक क्षमता वाली मिसाइल का उड़ान परीक्षण किया।

### ऐसी है अग्नि

- अग्नि-7 मिसाइल की मारक क्षमता 5,000 किमी तक है।
- इसकी जद चीन के उत्तरी भाग समेत पूरा एशिया और यूरोप के कुछ शामिल हैं।
- अग्नि-1 से अग्नि-4 श्रेणी की मिसाइलों की मारक क्षमता 700 से 3,500 किमी तक।
- 'अग्नि प्राइम' का रात में सफल परीक्षण किया।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी।

## स्वीमिंग पूल में हुड़दंगबाजी कर रहे युवकों को रोकने गई थी पुलिस की टीम

# फरीदाबाद में पुलिस वालों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

यहां पुलिस कर्मचारियों की पिटाई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिसकर्मी स्विमिंग पूल में हुड़दंग कर रहे युवकों को रोकने गए थे। वहां पर भड़के युवकों ने पुलिस के जवानों को थप्पड़ जड़े और जूतों से धुनाई की। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि पुलिस कर्मियों को हुड़दंगाबाजों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पुलिस ने

**युवकों ने पुलिस कर्मचारियों को थप्पड़ और जूते मारे**

इस मामले में 3 युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी के अनुसार वारदात थाना खेड़ी पुल इलाके में 21-22 मार्च की रात की बताई गई है। 12 दिन बाद अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो लोगों को इसका पता चला।

### तीन गिरफ्तार, जेल भेजे

डायल 112 की टीम को रात 12 बजे सूचना मिली थी कि सेक्टर-86 में स्थित स्विमिंग पूल में शराब पीकर 15 से 20 युवक डीजे बजाकर हंगामा कर रहे हैं। इस पर टीम मौके पर पहुंची और युवकों को टोका तो उन्होंने पुलिस टीम कपर हमला बोल दिया। फरीदाबाद पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने इस वारदात मारपीट की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो के मामले में केस दर्ज कर 3 युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वारदात में कुछ पुलिस कर्मियों को भी चोटें आई थी।

# सब्जी में नमक कम और मिर्ची ज्यादा..क्रूरता नहीं!

**सास-बहू के झगड़े पर हाईकोर्ट का फैसला**

**जबलपुर (हरिभूमि न्यूज)।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि सास द्वारा अपनी बहू को घर के रोजमर्रे के काम में टोकना या सब्जी में नमक कम और मिर्ची ज्यादा जैसे सवाल पूछना न तो गलत है और न ही ये धारा 498ए के तहत मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आता है। साथ ही हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता सास के खिलाफ दायर एफआईआर रद करने का आदेश दिया। जस्टिस गुरपाल सिंह अहलूवालिया की सिंगल बेंच ने अपने फैसले में कहा, अगर घरेलू कार्यों में सास द्वारा की गई टीका टिप्पणी या आपत्तियों के कारण बहू को मानसिक रूप से उत्पीड़न मिलता है, तो यह कहा जा सकता है कि बहू अतिसंवेदनशील हो सकती है लेकिन, कुछ विवादों के साथ घरेलू कार्यों का ध्यान रखना निश्चित तौर पर क्रूरता की श्रेणी में नहीं आता।

**पाठ्यक्रम** सिंधु घाटी सभ्यता के उदय और पतन को लेकर संशोधन

*हरियाणा के राखीगढ़ी से प्राप्त प्राचीन डीएनए के अध्ययन के आधार पर चेंज*

# एनसीईआरटी ने 12वीं इतिहास की पुस्तक में किए कई बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की तरफ से कक्षा 1 से 12वीं तक की नई किताबों को लागू किया जा रहा है। हालांकि नई किताबें सबसे पहले कक्षा 3 और 6 की ही आएंगी। लेकिन इससे बड़ी खबर यह है एनसीईआरटी ने 12वीं इतिहास के कई चैप्टर्स में संशोधन किया है। ये बदलाव सिंधु घाटी सभ्यता के उदय और पतन को लेकर हैं। सूत्रों के मुताबिक ये बदलाव हरियाणा के राखीगढ़ी में स्थित सिंधु घाटी सभ्यता के स्थल से प्राप्त प्राचीन डीएनए के अध्ययन के आधार पर किए गए हैं। इस अध्ययन से माना जाता रहा आर्यों के आगमन का सिद्धांत गलत साबित होता है।




### बदलाव का आधार

सूत्रों के मुताबिक सिंधु घाटी सभ्यता के तथ्यों में किए गए ये बदलाव पुरातात्विक खोजों से मिले सबूतों पर आधारित हैं। इसके अलावा एनसीईआरटी ने कई विषयों के पाठ्यक्रम में भी बदलाव किए हैं, जिनमें कक्षा 7, 8, 10, 11 और 12 शामिल हैं, लेकिन सबसे अहम बदलाव 12वीं कक्षा की इतिहास की किताब थीम्स इन इंडियन हिस्ट्री पार्ट-1 के अध्याय ईंटें, मनके और हड्डियां-सिंधु घाटी सभ्यता में किए गए हैं।

### राखीगढ़ी के तीन पैराग्राफ जोड़े

परिषद ने राखीगढ़ी में किए गए हालिया डीएनए अध्ययन के बारे में तीन नए पैराग्राफ जोड़े हैं। यह अध्ययन खासतौर पर आर्यों के आगमन के सिद्धांत को चुनौती देता है और इस क्षेत्र में सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों के स्वदेशी होने पर बल देता है।

### मुगलों के जिक्र को भी हटाने का दावा

कजानकारों का कहना है कि हटाए गए विषयों में सिर्फ ये ही नहीं थे बल्कि मुगल और दिल्ली सल्तनत के इस्लामिक शासकों का जिक्र भी हटाया गया। इन कटौतियों को एनसीईआरटी की वेबसाइट पर तर्कसंगत बनाई गई सामग्री वाले पेज पर सूचीबद्ध नहीं किया था। बदलावों को लेकर एनसीईआरटी की तरफ से 35 लोगों का एक ग्रुप भी बनाया था।

# झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पर चलेगा मुकदमा

एजेंसी/भाषा ▶▶ रांची

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ अब मुकदमा चलेगा। बड़गाई अंचल क्षेत्र के 8.86 एकड़ जमीन घोटाला और धनशोधन मामले में ईडी की ओर से 30 मार्च को पीएमएलए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। इस चार्जशीट पर गुरुवार को कोर्ट ने संज्ञान लिया है। इससे पहले ईडी ने सोरेन के 8.86 एकड़ के भूखंड को कुर्क किया है। चार्जशीट के अनुसार सोरेन के अलावा बड़गाई अंचल के पूर्व राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, आर्किटेक्ट विनोद सिंह, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप शामिल हैं।



**कोर्ट में पांच के खिलाफ आरोप तय किए गए**

**ईडी ने जमीन घोटाले में दाखिल की थी चार्जशीट**

### अभी जेल में बंद है सोरेन

ईडी ने कहा कि अदालत ने अभियोजन की इस शिकायत का संज्ञान लिया। ईडी ने अदालत से 8.86 एकड़ के भूखंड को जब्त करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। सोरेन फिलहाल न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार की बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में बंद है। ईडी के आरोप-पत्र के अनुसार 3,50,680 रुपये प्रति डेसीमल की शहरी रिहायशी दर के हिसाब से यह भूखंड 31,07,02,480 की है। यह अचल संपत्ति सोरेने के 'कब्जे में' 2020-11 से है।

### गंभीर अपराधों की सुनवाई में देरी जमानत का आधार नहीं: कोर्ट

**मुंबई (भाषा)।** बंबई हाईकोर्ट ने नक्सलियों के साथ संबंध के आरोप में गिरफ्तार 38-वर्षीय एक व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि गंभीर अपराधों से संबंधित मुकदमे की सुनवाई में महज देरी ही जमानत देने का आधार नहीं हो सकती। आरोपित पर 2019 के गढ़चिरौली विस्फोट केस में संलिप्तता का आरोप है, जिसमें 15 पुलिसकर्मी मारे गए थे। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने कहा कि आरोपित कैलाश रामचंदानी ने जान बूझकर आतंकी कृत्य को बढ़ाया। मामले में उसकी संलिप्तता के प्रथम दृष्टया सबूत हैं। कोर्ट ने 5 मार्च को रामचंदानी की याचिका खारिज कर दी।




कोसली

# अरविंद की जीत से जुड़ी लक्ष्मण की प्रतिष्ठा, हलके में प्रदर्शन दोहराना बड़ी चुनौती

डॉ. अरविंद शर्मा को कोसली हलके में गत लोकसभा चुनावों में 1.18 लाख वोट मिले थे, जो कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा के 42.85 हजार मतों की तुलना में लगभग तीन गुणा तक थे

## कांग्रेस में शामिल हो चुके जगदीश यादव व अनिल पाल्हावास, भाजपा में सीटिंग एमएलए की पकड़ साबित करेगा लोकसभा चुनाव

नरेन्द्र वत्स ⏭ रेवाड़ी

कोसली हलके से गत लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मत हासिल करने वाले डा. अरविंद शर्मा का इस हलके में प्रदर्शन दोहराना सीधे तौर पर भाजपा विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की प्रतिष्ठा से भी जुड़ चुका है। सही मायने में इस हलके में अरविंद को मिलने वाले वोट लक्ष्मण के लिए कसौटी साबित होने जा रहे हैं, जो आने वाले विधानसभा चुनावों में उनकी टिकट को लेकर भी बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं। डा. अरविंद शर्मा को कोसली हलके में गत लोकसभा चुनावों में 1.18 लाख वोट मिले थे, जो कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा के 42.85 हजार मतों की तुलना में लगभग तीन गुणा तक थे। इस चुनाव में कोसली हलके मतदाताओं ने भाजपा और


अरविंद शर्मा


लक्ष्मण यादव


जगदीश यादव

कांग्रेस को छोड़कर किसी अन्य दल के पक्ष में लगभग नहीं के बराबर वोट किया था। हविपा, इनेलो और निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ते हुए पूर्व मंत्री जगदीश यादव 30 हजार से ज्यादा वोट लेते रहे हैं, जिसे उनका अपना वोट बैंक माना जाता है। गत लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा में आ गए थे, जिससे उनका वोट बैंक भी भाजपा प्रत्याशी के नाम हो गया था। भाजपा के दूसरे नेताओं ने भी डा. अरविंद शर्मा को जिताने के लिए पूरा जोर लगा दिया था।

### ऐसे बदल गई थी बाजी

यही कारण था कि अकेले कोसली से मिले व्यापक मतों की बदौलत शर्मा हारी हुई बाजी जीतने में कामयाब हो गए थे। इसके बाद हुए विधानसभा चुनावों में जगदीश यादव को भाजपा ने लोकसभा चुनावों में मिली मदद को कोई इनाम नहीं दिया था। ऐन मौके पर पार्टी ने उन्हें टिकट से वंचित रख दिया था। लक्ष्मण सिंह यादव को कोसली से टिकट मिली थी। कांग्रेस प्रत्याशी यादुवेंद्र सिंह को हराकर लक्ष्मण विधायक बने थे।

### बदल गए थे चुनाव के समीकरण

जिस तरह से कोसली हलके के लोगों ने लोकसभा चुनावों में डा. अरविंद शर्मा को 70 फीसदी से अधिक वोट दिए थे, उसी तरह विधानसभा चुनावों में भाजपा के पक्ष में वोटिंग नहीं हुई थी। लक्ष्मण सिंह यादव को लगभग 78 हजार वोट ही मिले थे, जबकि अरविंद शर्मा 1.18 लाख वोट ले गए थे। लोकसभा चुनावों में भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला था, जो विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय बन गया था। इस चुनाव में जेजेपी के रामफल कोसलिया ने भी 15 हजार से ज्यादा वोट हासिल किए थे।

पूरी खबर की जानकारी के लिए स्कैन करें

### जगदीश के जाने के बाद लक्ष्मण पर दबाव

कोसली हलके से जगदीश यादव और अनिल पाल्हावास दोनों का भाजपा से कांग्रेस में जाना डा. अरविंद शर्मा के लिए घाटे का सौदा साबित हो सकता है। अनिल पाल्हवास की गुरावड़ा बेल्ट में अच्छी पकड़ मानी जाती है, जबकि जगदीश के हर गांव में परंपरागत वोटर्स हैं। भाजपा के पूर्व विधायक बिक्रम ठेकेदार जनाधार के मामले में खाली हाथ नजर आते हैं। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी को इस हलके में पूर्व की तरह बड़ी जीत दिलाने का जिम्मा लक्ष्मण सिंह यादव के कंधों पर आ गया है।

---

दिनभर की सियासी हलचल

## महिलाओं का अपमान करना राहुल व उनकी टीम की फितरत

रोहतक/चंडीगढ़। भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि अभद्र टिप्पणियां करके महिलाओं को अपमानित करना राहुल गांधी और उनकी पूरी टीम की फितरत बन गई है। बराला ने भाजपा नेत्री हेमामालिनी पर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा की गई टिप्पणी को अशोभनीय बताते हुए कहा कि सुरजेवाला को तुरंत माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों भी कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सुप्रिया ने भी महिला होते हुए कंगना रनौत के लिए अभद्र टिप्पणी की थी। सुभाष बराला गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय मंगल कमल रोहतक में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।


सुभाष बराला

## करनाल में उपचुनाव को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित

चंडीगढ़। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा करनाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराने के फैसले को चुनौती देने वाली दो जनहित याचिका पर हाई कोर्ट ने सुनवाई 8 अप्रैल तक स्थगित कर दी है। ध्यान देने योग्य वाली बात यह है कि इस चुनाव को चुनौती देने वाली एक याचिका को बुधवार को हाई कोर्ट की डिविजन बेंच ने खारिज कर चुनाव को हरी झंडी दे दी है। अब चुनाव के खिलाफ कई जनहित याचिका दायर की गई है। जिसमें से दो पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस जी एस संधावालिया पर आधारित बेंच ने सुनवाई आठ अप्रैल तक स्थगित कर दी। हाई कोर्ट के वकील आर एस ढुल व संदीप गोयत द्वारा दायर जनहित याचिका में कानून का हवाला देकर कहा गया है कि आयोग उपचुनाव नहीं करा सकता, क्योंकि विस का कार्यकाल एक साल से कम है।

---

हार व जीत का समीकरण : बागी नेताओं पर सभी दलों की नजर

# बिछ रही बिसात, प्रत्याशियों पर भारी पड़ रहा भीतरघात

रवींद्र राठी ⏭ बहादुरगढ़

भीतरघात राज्य की सभी दस सीटों पर किसी न किसी रूप में प्रभावी नजर आ रहा

भाजपा और कांग्रेस दोनों स्थिति को भांप कर रणनीति बनाने में जुटी, रख रही पैनी नजर

लोकसभा चुनाव को लेकर हरियाणा में दबे पांव ही सही लेकिन राजनीतिक मैदान में हलचल बढ़ रही है। बेशक मतदान में अभी डेढ़ महीने से अधिक का समय शेष है। लेकिन दिग्गज नेताओं द्वारा समर्थकों और मतदाताओं का मूड भांपने की कवायद जारी है। राजनीति के युद्ध अर्थात चुनाव में जीत-हार के लिए हर तरह के मोहरे बिसात पर बढ़ाए जाते हैं, चक्रव्यूह भी रचे जाते हैं। चुनावी युद्ध में भीतरघात भी एक ऐसा ही सियासी हथियार बन गया है। सीधे लफ्जों में कहें तो विश्वासघात और पीठ में छुरा घोंपना राजनेताओं की फितरत बनता जा रहा है। कई दफा इसी वजह से सरकारें पलट जाती हैं या फिर जीत हार में बदल जाती है।

भीतरघात का सबसे बड़ा उदाहरण हरियाणा का पिछला विधानसभा चुनाव रहा था। कुल 90 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा 75 पार का नारा लगा रही थी, लेकिन सत्ता की चाबी जेजेपी से मांगनी पड़ी। बागी नेताओं और भीतरघात के कारण ही कांग्रेस सत्ता में वापसी करने से चूक गई क्योंकि उसके हिस्से 31 सीटें ही आई। इस लोकसभा चुनाव में भी भितरघात एक बड़े फैक्टर के रूप में मौजूद है। हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर 25 मई को मतदान होगा। बेशक भाजपा के 10 और कांग्रेस



के 9 प्रत्याशियों के साथ चंद मुख्य योद्धा ही मैदान में होंगे। लेकिन यह चुनाव प्रदेश के कई पुराने और कद्दावर चेहरों के लिए बड़ी चुनौती साबित होगा। देश-प्रदेश की दोनों प्रमुख पार्टियां भीतरघात के भय से ग्रस्त हैं। गुटबाजी से जूझते-बचते हुए घोषित अथवा संभावित प्रत्याशी मतदाताओं के अलावा कार्यकर्ताओं का मूड भांपने में जुट गए हैं। राज्य में गहरी जड़ें रखने वाली भाजपा और कांग्रेस के साथ ही क्षेत्र विशेष में प्रभावी इनेलो और जजपा भी इससे अछूती नहीं हैं। दिलचस्प बात यह कि भीतरघात राज्य की सभी दस सीटों पर किसी न किसी रूप में प्रभावी नजर आ रहा है। चूंकि पिछली बार भाजपा ने सभी 10 सीटें जीती थी, लिहाजा भीतरघात का सबसे ज्यादा सामना भी उसे ही करना पड़ सकता है। हालांकि हालात को भांपकर भाजपा व कांग्रेस समेत सभी सियासी दल इससे बचने के उपाय करने में जुट गए हैं। लेकिन यह बात अपनी जगह सच है कि दलगत असंतोष के इस बड़े स्वरूप को पूरी तरह खत्म करना नामुमकिन है। यही वजह है कि सियासी पार्टियों की कोशिश है कि किसी तरह मतदान तक इसके असर को न्यूनतम किया जा सके।

कांग्रेस, जजपा व इनेलो के प्रत्याशी फिलवक्त मैदान में नहीं उतरे हैं। आम आदमी पार्टी कुरुक्षेत्र से अपने एकमात्र प्रत्याशी का ऐलान कर चुकी है। इनेलो भी कुरुक्षेत्र व हिसार से अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने किसी भी पर सीट पर पत्ते नहीं खोले हैं। प्रत्याशी घोषित करने में भाजपा सबसे आगे रही। लेकिन इसके साथ ही पार्टी के लिए मुश्किलें भी खड़ी हो गई हैं।

### टिकट से वंचित दावेदारों के समर्थकों की नाराजगी पड़ सकती है भारी

प्रदेश के कई बड़े नेता प्रचार में जुटे प्रत्याशियों के साथ नजर नहीं आ रहे हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि टिकट से वंचित दावेदार भीतरघात कर सकते हैं। उनके समर्थकों की नाराजगी भाजपा को भारी पड़ सकती है। शायद यही कारण है कि कई नेताओं के टिकट बदलने की अटकलें इंटरनेट मीडिया पर लगातार जोर पकड़ रही हैं। सिरसा, हिसार और सोनीपत के ग्रामीण इलाकों में भाजपा उम्मीदवारों के विरोध से जुड़ी वीडियो भी वायरल हो रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि यह सब रणनीति के तहत चल रहा है। भाजपा के अलावा कांग्रेस को भी आंतरिक विरोध से निपटना होगा। यही कारण है कि कांग्रेस के रणनीतिकार ऐसे समीकरण बिठाने में लगे हैं। इनेलो जहां अपना खोया हुआ जनाधार तलाश रही है, वहीं सरकार से अलग होने के बाद सम्मानजनक वोट हासिल करना जजपा के लिए भी चुनौती है। बेशक अभी सतह पर असंतोष नहीं दिख रहा हो, मगर मतदान के समय यह रंग दिखा सकता है। भीतरघात से किसे कितना नुकसान होगा और किस प्रत्याशी की छवि मतदाताओं को पसंद आती है, ये दोनों ही फेक्टर जीत-हार तय करेंगे।

---

नारनौल का हाल

## ओमप्रकाश को मंत्री पद नहीं मिलने से नाराज इंद्रजीत समर्थक!

### 153050 मतदाता

वोटर व क्षेत्रफल की दृष्टि से महेंद्रगढ़ जिला में चारों विधानसभा में से सबसे छोटी है। विधानसभा नारनौल। यहां 153050 मतदाता है। अभी हाल ही में इस विधानसभा में 18 से 19 उम्र के युवा 3225 वोटर जुड़े है।

### यादव व सैनी वोटर

पिछले तीन विधानसभा चुनावों के परिणाम पर नजर दौड़ाएं तो यहां यादव व सैनी समाज से जुड़ी उम्मीदवारों के बीच ही कड़ा मुकाबला रहा है। तीनों बार ही यादव बिरादरी के प्रत्याशी ने सैनी बिरादरी के उम्मीदवार को हराया

सतीश सैनी ⏭ नारनौल

वोटर व क्षेत्रफल की दृष्टि से महेंद्रगढ़ जिला में चारों विधानसभा में से सबसे छोटी विधानसभा नारनौल है। यहां 153050 मतदाता है। अभी हाल ही में इस विधानसभा में 18 से 19 उम्र के युवा वोटर 3225 है। इनमें 2173 पुरूष व 1052 महिला शमिल है। कुल 120 बूथ में से 55 बूथ नारनौल शहरी क्षेत्र में है। पिछले तीन विधानसभा चुनावों के परिणाम पर नजर दौड़ाएं तो यहां यादव व सैनी समाज से जुड़ी उम्मीदवारों के बीच ही कड़ा मुकाबला रहा है। तीनों बार ही यादव बिरादरी के उम्मीदवार ने सैनी बिरादरी के उम्मीदवार को हराया है। नारनौल शहर में दबदबा होने से नगर परिषद में दो योजना से सैनी बिरादरी का कब्जा है। अब अगर लोकसभा चुनाव की बात करें तो भाजपा लगातार दो योजना से बढ़त बनाने में कामयाब रही। साल 2014 में जहां भाजपा को 47210 वोट मिले, वहीं साल 2019 में 70364 वोट मिले थे। साल 2019 में इस बढ़त के पीछे कारण रहा कि जब विधानसभा चुनाव हुआ तो जजपा उम्मीदवार कमलेश सैनी ने 28017 वोट हासिल किए, पर जब लोकसभा चुनाव हुए तो जजपा उम्मीदवार स्वाति यादव को महज 4271 वोट ही मिल पाए। इसी तरह हुड्डा गुट से कांग्रेस उम्मीदवार राव नरेंद्र सिंह को विधानसभा चुनाव में 25009 वोट मिले, पर जब हुड्डा गुट के विरोधी गुट से जुड़ी श्रुति चौधरी ने लोकसभा चुनाव लड़ा तो यह आंकड़ा 21917 तक ही पहुंच पाया।अब और तब में कई राजनीति समीकरण बदले है।

### समीकरण

नायब सैनी की सीएम पद पर एंट्री होते ही चला गया मंत्री पद

नारनौल हलका से विधायक ओमप्रकाश यादव के पास मंत्री पद था। जैसे ही नायब सैनी की सीएम पद पर एंट्री हुई राव इंद्रजीत गुट से जुड़े ओमप्रकाश यादव का मंत्री पद चला गया। सूत्र बताते है कि उन्हें मंत्री पद जाने से जितना मलाल है, उतना ही मलाल उनके विरोधी डा. अभयसिंह यादव को मंत्री बनाने का।

### असर

चुनाव पर इसका असर कैसा होगा यह परिणाम बताएगा

इस नाराजगी का असर लोकसभा में कितना पड़ेगा या नहीं होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है। हां, जिस दिन नायब सैनी को सीएम बनाने की घोषणा हुई, उसी दिन पूर्व जिला प्रधान राकेश शर्मा एडवोकेट व भाजपा जिला महिला अध्यक्ष भारती सैनी ने ही अपने समर्थकों सहित लड्डू बांटकर खुशी मनाई थी। इनके अलावा कुछ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को छोड़ दे तो कोई ऐसा टिकटार्थी बड़ा भाजपाई चेहरा दिखाई नहीं दिया।

### 2019 लोकसभा चुनाव में यह रहा था रिजल्ट

| पार्टी | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | धर्मबीर सिंह | 70364 |
| इनेलो | बलवान सिंह | 384 |
| कांग्रेस | श्रुति चौधरी | 21917 |
| जजपा | स्वाति यादव | 4271 |

---

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में कार्यकर्ता सात को रखेंगे उपवास : ढांडा



- भाजपा उम्मीदवारों का हर जगह हो रहा विरोध
- ढांडा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जड़े आरोप

चंडीगढ़। आप के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने भाजपा के उम्मीदवारों को लेकर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि 7 अप्रैल को पूरे देश में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी का उपवास रखने का कार्यक्रम है। हरियाणा में भी कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर के निकट आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ता एक दिन का सांकेतिक उपवास रखेंगे। चंडीगढ़ स्थित अपने आफिस में प्रेसवार्ता के दौरान दावा किया कि भाजपा उम्मीदवार कहीं पर भी कैंपेन करते नजर नहीं आ रहे हैं और जिन्होंने कोशिश की उनका हरियाणा के गांवों में जबरदस्त विरोध हो रहा है। सिरसा से भाजपा के उम्मीदवार अशोक तंवर ने अपने कैंपेन की शुरुआत की तो फतेहाबाद के गांव करनौली, अहलीसदर, हुकमावाली, अलिका, कारियां और हड़ोली समेत दर्जन भर गांव ऐसे हैं जहां पर उन्हें जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा।

## पंचकूला में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस व सीआरपीएफ टीमों नें निकाला फ्लैग मार्च



पंचकूला। उपायुक्त पंचकूला सुशील सारवान के नेतृत्व में पुलिस उपायुक्त हिमाद्री कौशिक और पुलिस उपायुक्त क्राइम मुकेश मल्होत्रा के नेतृत्व में प्रशासन के सहयोग से पुलिस व अर्धसैनिक बल (सीआरपीएफ) के द्वारा कालका पिंजौर क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के मध्यनजर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया ।पुलिस उपायुक्त नें बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण मतदान के लिए व आदर्श आचार संहिता की पालना हेतु सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि चुनाव के दौरान कोई अनहोनी न हो।

## राजनीतिक दल व उम्मीदवार डूज एंड डोंट्स का कड़ाई से करें अनुपालन : अग्रवाल



चंडीगढ़। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव -2024 लड़ने वाले उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव के दौरान क्या करना है और क्या नहीं (डूज एंड डॉन्ट) के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक अनुपालन किया जाना आवश्यक है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सभी दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को सार्वजनिक स्थानों जैसे कि मैदान और हेलीपैड निष्पक्ष रूप से उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव के दौरान, अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसके अलावा, शांतिपूर्ण और अविवेकपूर्ण घरेलू जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार की पूरी तरह से रक्षा की जानी चाहिए। स्थानीय पुलिस अधिकारियों को पूरी तरह से सूचित किया जाना चाहिए और प्रस्तावित बैठक के बारे में जानकारी देनी चाहिए।

---

खींचतान | कांग्रेस जिला प्रभारी जयप्रकाश पर पार्टी को कमजोर करने का आरोप

कार्यकर्ताओं का आरोप, जिला प्रभारी लोक निर्माण विश्राम गृह में चेहतों से मिलकर चले जाते हैं

# चुनाव के समय कांग्रेस भवन में रहनी चाहिए गहमागहमी, जयप्रकाश ने लगवा दिए ताले!

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

कांग्रेस जिला प्रभारी एवं पूर्व सांसद जयप्रकाश की जिले के कांग्रेसियों ने ही बगावत कर दी। कांग्रेसियों ने जयप्रकाश पर आरोप लगाया कि वे पार्टी को कमजोर कर रहे हैं। कांग्रेसजनों ने कहा कि जयप्रकाश ने कांग्रेस भवन में ताले लगवा दिए हैं, जो चुनाव के समय में उचित नहीं है। जब वे हिसार आते हैं तो लोक निर्माण विश्राम गृह में अपने कुछ चहेतों से मिलकर चले जाते हैं और बाकी कांग्रेसजनों को बैठने के लिए जगह भी नहीं मिलती क्योंकि हर



कमरे पर ताला लगा होता है। कांग्रेस भवन में गुरुवार को एकत्रित हुए कांग्रेसजनों ने कहा कि जयप्रकाश की मनमानी से पार्टी हाईकमान को अवगत करवाया जाएगा। कांग्रेस नेता दलजीत पंघाल ने कहा कि जयप्रकाश ने कांग्रेस भवन के हर कमरे पर ताले लगवा दिए हैं और कहते हैं कि कोई भी हो, किसी के लिए भी दरवाजे नहीं खोले जाएंगे।

### पार्टी को नुकसान

दलजीत पंघाल व अन्य कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि जेपी चुनाव के समय ऐसा करके पार्टी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। चुनावी समय में कांग्रेस भवन में जहां भारी गहमा-गहमी होनी चाहिए, उस समय पर कांग्रेस भवन में ताले देखकर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटता है। दलजीत पंघाल ने इसे जयप्रकाश की नाजायज हरकत बताते हुए कहा साल किया कि उन्होंने कांग्रेस भवन में किस अधिकार से ताले लगवाए हैं। पंघाल ने कहा कि लोकसभा चुनावों की घोषणा हो चुकी है, लेकिन कार्यालय सूने पड़े है।

### ऐसी कोई बात नहीं : जेपी



इस संबंध में कांग्रेस जिला प्रभारी एवं पूर्व सांसद जयप्रकाश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है, वे फिलहाल बाहर है। कांग्रेस भवन के कमरों पर ताले लगवाने की बात पर उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है, वे ताले क्यों लगवाएंगे।

## कांग्रेस की टिकट के दावेदार का धमकी मिलने का प्रपंच

रेवाड़ी। गुरुग्राम लोकसभा सीट पर कांग्रेस की टिकट के लिए आवेदन कर चुके पंजाबी नेता महेंद्र छाबड़ा ने आरोप लगाया कि शहर के एक युवक ने फोन पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

- महेंद्र छाबड़ा ने फोन पर युवक से धमकी मिलने का किया दावा, युवक ने पैसे के लेनदेन का मामला बताकर आरोपों को झुठलाया

छाबड़ा ने वीरवार को पंजाबी समाज के लोगों को एकत्रित करने के बाद युवक के खिलाफ केस दर्ज कराने की बात कही। चंद मिनट बाद ही आरोपी युवक ने मीडिया के सामने आकर महेंद्र छाबड़ा के आरोपों को सिरे से नकारते हुए दावा किया उसने तो छाबड़ा को फोन तक नहीं किया। बिजनेस के पैसों के लेने-देन को लेकर छाबड़ा ने ही फोन करने के बाद उसके साथ दुर्व्यवहार किया। फिलहाल मामला पुलिस तक पहुंच चुका है। पुलिस फोन रिकार्डिंग की जांच कर रही है।वीरवार को अपने निवास पर पंजाबी समाज के लोगों से चर्चा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में महेंद्र छाबड़ा ने कहा कि बिजनेस करने के साथ-साथ उन्होंने राजनीति में कदम रखते हुए इस बार कांग्रेस से टिकट की मांग की है। वह लगातार पंजाबी समाज के लोगों के साथ मिलकर समाजहित में कार्य कर रहे हैं। कुछ लोग उनका राजनीति में आना पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को उन्हें फोन पर धमकी दी गई।

## भाजपा ने किसानों के हित को अभी आगे नहीं रखा : गुप्ता

कुरुक्षेत्र/चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने शाहाबाद विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा की। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि शाहबाद हर साल बाढ़ में डूब जाता है। किसानों और आम जनता को करोड़ों का नुकसान होता है, लेकिन जिंदल और नायब सैनी के होते संसद में कभी भी शाहाबाद का नाम नहीं गूंजा। ये एमपी तो बनते हैं, लेकिन कभी भी इन्होंने बाढ़ रोकने के लिए नहर के दोनों तरफ़ न खुदाई करवाई और न ही बांध बनवाया। इनको अपने घर से मतलब है,जनता का कुछ होता रहे, इनको कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब में फ्री बिजली मिलती है, मूलभूत सुविधाएं फ्री मिलती हैं। हरियाणा में न बिजली आती और हर साल 50 हजार करोड़ का घाटा होता है। दिल्ली में महिलाओं को सम्मान राशि मिलती है। दिल्ली और पंजाब की तरह हरियाणा की जनता भी फ्री मूलभूत सुविधाएं चाहती हैं। देश के लोकतंत्र और प्रजातंत्र को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को जिताना होगा। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल जानते हैं कि इस बार कुरुक्षेत्र से उनकी जमानत जब्त होने वाली है।






## खबर संक्षेप

### कॉलेज की दूसरी मंजिल से गिरी छात्रा, गंभीर

**जींद ।** राजकीय प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महिला कालेज में वीरवार दोपहर को संदिग्ध हालात के चलते बीएससी मेडिकल फाइनल ईयर की छात्रा ने कालेज की दूसरी मंजिल से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्रा का संतुलन बिगड़ कर गिरी या छलांग लगाई इस पर संश्य बना हुआ है। घायल छात्रा को नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार देकर पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कैंटर की चपेट में आकर महिला की मौत

**धारूहेड़ा।** चंद कॉलोनी निवासी धनेश अपनी पत्नी बबीता के साथ भगतसिंह चौक पर किसी काम से आया था। वहां से दोनों पैदल अपने घर की ओर जा रहे थे। पावर हाउस के पास एक तेज रफ्तार कैंटर ने बबीता को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। धनेश ने अपनी पत्नी को एक साथी की मदद से भिवाड़ी के एक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद कैंटर चालक फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद शव का पोस्टमार्टम करा दिया।

### पिडीलाइट कंपनी के नकली उत्पाद बरामद

**रेवाड़ी।** नोएडा की सेमिना लीगल कंपनी के सीनियर मैनेजर पुनीत ढींगरा ने बताया कि सूचना मिली थी कि राजेश पायलट के चौक के पास मै. जर्मन टाइल्स एंड सैनेटरी दुकान का मालिक बगथला निवासी संजय यादव पिडीलाइट कंपनी के नकली उत्पादों की बिक्री करता है। उसने पुलिस के साथ मौके पर जाकर दुकान पर रेड की, तो वहां से भारी मात्रा में नकली उत्पाद बरामद हुए। उत्पादों के साथ ही पुलिस ने आरोपी दुकानदार को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### ट्रैफिक मैनेजर ने फर्जी डिग्री पर हथियाई नौकरी

**सिरसा।** पुलिस ने रोडवेज सिरसा के ट्रेफिक मैनेजर कृष्ण निवासी गांव खवासपुर जिला गुरुग्राम के खिलाफ फर्जी डिग्री पर नौकरी पाने का केस दर्ज किया है। जीएम की शिकायत में बताया गया कि कृष्ण कुमार की 2003 में रोडवेज में ट्रैफिक मैनेजर के रूप में नियुक्ति हुई। नियुक्ति के बाद शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की जांच करवाई गई। जिसके तहत अरनी यूनिवर्सिटी काठगढ़ (कांगड़ा) से उसकी डिग्री व मार्कशीट फर्जी मिली।

### डाकपाल ने खाताधारकों के हड़पे 32 लाख रुपये

**फतेहाबाद।** भूना क्षेत्र के गोरखपुर गांव स्थित डाकघर के डाकपाल द्वारा 39 खाता धारकों की 32 लाख 49 हजार की राशि हड़पने का मामला सामने आया है। हिसार मंडल के अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि सुभाष चंद्र ने गोरखपुर व सिवानी बोलान गांव के करीब 39 खाताधारकों को फर्जी पासबुक जारी करते हुए उनसे 32 लाख 49000 की राशि हड़प ली है। मामला संज्ञान में आने पर वह 5 अक्टूबर 2023 से ही ड्यूटी से नदारद पाया गया है। वह लगातार ड्यूटी से गैरमौजूद चल रहा है। ऐसे में थाना भूना में शिकायत देकर कार्रवाई किए जाने की अपील की गई।

### मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा

# सीएम आज रतिया से करेंगे चुनावी प्रचार का शंखनाद

- अनाज मंडी में सुबह 11 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज रतिया से लोकसभा चुनावों को लेकर चुनावी शंखनाद करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन जहां तैयारियों में जुटा है वहीं किसान संगठन मुख्यमंत्री को घेरने की तैयारी कर रहे हैं।

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान ने वीडियो जारी कर अपने संगठन से जुड़े किसानों को रतिया बस स्टैंड के पास इकट्ठे होने को कहा है। उधर खेती बचाओ संघर्ष समिति ने अजीतसर गुरुद्वारा के पास 200 फीट का टेंट गाढ़ने की योजना है।

बताया जा रहा है कि सीएम के लिए यहीं पर हैलीपेड बनाया गया है। इसके अलावा किसानों के तीसरे संगठन भारतीय किसान यूनियन उग्राहां से जुड़े लोग बुढलाडा रोड पर इकट्ठे होकर विरोध करेंगे।

सीएम नायब सिंह सैनी 11 बजे रतिया की अनाज मंडी में जनसभा को संबोधित करेंगे। बता दें कि भाजपा के सिरसा से प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर का किसान संगठन लगातार विरोध कर रहे हैं। गांवों में उनके कार्यक्रम स्थल पर पिछले तीन-चार दिनों से लगातार विरोध दर्ज कराया जा रहा है। अब सीएम के कार्यक्रम को लेकर भी किसान एकजुट होना शुरू हो गए हैं।

#### 18 सवाल पूछेंगे किसान

मनदीप नथवान ने कहा कि सरकार ने अब तक बाढ़ का मुआवजा किसानों को नहीं दिया, किसानों के खिलाफ रोज नए कानून बनाए जा रहे हैं। किसानों को अपनी मांगों को लेकर दिल्ली नहीं जाने दिया गया, उनके रास्तों पर कीलें लगाई गईं। इन सब सवालों सहित 18 सवाल उन्होंने तैयार किए हैं, जो वे हर मौके पर भाजपा प्रत्याशी से पूछ रहे हैं। यही 18 सवाल अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से रतिया आगमन पर पूछे जाएंगे। उन्होंने अपने साथियों से भाषा की मर्यादा बनाए रखने और शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी साथी शरारत नहीं करेगा, नहीं तो भाजपा उन पर आरोप लगा सकती है।

### विस अध्यक्ष ने लोस चुनाव लेकर की समीक्षा बैठक

**अंबाला।** लोकसभा की पंचकूला विधानसभा में लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक ज्ञान चंद गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पंचकूला के सेक्टर 12ए स्थित परशुराम भवन में हुई बैठक में लोकसभा चुनाव को बड़े मार्जिन से जीतने की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई गई। इन बैठकों में ज़िलाध्यक्ष दीपक शर्मा, पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल, विधानसभा संयोजक धरमपाल राणा, संयोजक हरिंदर मलिक, महामंत्री परमजीत कौर, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष योगिंदर शर्मा,मंडल अध्यक्ष युवराज कौशल, एडवोकेट सिद्धार्थ राणा, जेपी जांगड़ा, शिवालिक बोर्ड के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश देवी नगर शामिल हुए। गुप्ता ने बैठक में हर बूथ पर पिछले चुनाव मिले वोट के मुक़ाबले इस बार 370 से अधिक मत डलवाकर कमल खिलाने की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में चुनाव के मद्देनजर पार्टी की ओर से आगामी अभियानों की रूपरेखा और कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी व्यापक मंथन हुआ।

## महिला आयोग ने कांग्रेस नेता सुरजेवाला को भेजा नोटिस

- हेमा मालिनी पर टिप्पणी मामले ने तूल पकड़ा, 9 को पेश होने का आदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा उत्तर प्रदेश के मथुरा से सांसद और अदाकारा हेमामालिनी पर दिए गए विवादित बयान पर सियासी रूप से विवाद खड़ा कर रहा है। महिला आयोग ने सुरजेवाला को इस बारे में सम्मन करते हुए आय़ोग के सामने 9 अप्रैल को पेश होने का आदेश दिया है। आयोग द्वारा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान चौधरी को भी इस बारे में पत्र की कापी भेजकर पार्टी द्वारा इस पर एक्शन लेने के लिए कहा है।

मामले में वीरवार को एक तरफ तो हरियाणा राज्य महिला आयोग ने मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुरजेवाला को नोटिस भेज दिया है। पूर्व गृह एवं सेहत मंत्री अनिल विज ने सुरजेवाला पर हेमामालिनी के बारे में बयान देने की निंदा की और कहा कि उनके लिए यह कोई नई बात नहीं है। यह साफ साफ कांग्रेस का महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण है। महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा भेजे गए सम्मन में चैनलों और समाचार पत्रों, सोशल मीडिया में चल रहीं खबरों का संज्ञान लेते हुए इसे एक प्रतिष्ठित कलाकार के अपमान का मामला मानते हुए सुरेजवाला को तलब कर लिया है।



#### वीडियो में की छेड़छाड़

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भाजपा आईटी सेल पर वीडियो एडिट कर उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से हेमा मालिनी पर कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की है। रणदीप सुरजेवाला ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मोर्चा खोलते हुए कहा कि उन्होंने किसी भी प्रकार से हेमा मालिनी पर कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की है बल्कि भाजपा आईटी सेल पर वीडियो को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया ।

## एचएसजीपीसी की नई कमेटी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

- पहले की कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य विनर ने दी है चुनौती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब एवम हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की नई कमेटी पर रोक लगा दी है। याची विनर सिंह ने एडवोकेट शिव कुमार के जरिए हाई कोर्ट में दाखिल याचिका में बताया है कि 28 मार्च को कमेटी की बजट बैठक तय की गई थी, इस बैठक में सिर्फ बजट ही पास किया जाना था। बैठक शुरू होते ही जैसे ही याचिकाकर्ता ने बजट पर बोलना शुरू ही किया था की यह मांग उठा दी गई की मौजूदा कमेटी को बदल कर नई कमेटी बनाई जाए। याचिकाकर्ता के विरोध के बावजूद नई कमेटी बना दी गई, जोकि पूरी तरह से एक्ट का उलंघन कर किया गया है।

इसी नई कमेटी के बनाए जाने को हाईकोर्ट में चुनौई दी गई है, जस्टिस विनोद भारद्वाज ने आज इस याचिका पर सुनवाई करते हुए 28 मार्च को नई कमेटी बनाई जाने के प्रस्ताव पर रोक लगाते हुए हरियाणा सरकार सहित हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को नोटिस जारी कर 28 अगस्त तक जवाब दाखिल करने के आदेश दे दिए हैं। याचिका में बताया गया कि बैठक का यही एजेंडा उन्हें भी मिला था, लेकिन जब बैठक हुई तो उसमें कमेटी में ही उलटफेर कर दिया गया। बैठक में नई कमेटी बनाई गई, जो पूरी तरह से अनुचित थी। इस पर रोक लगाई जानी चाहिए।

### कोरोना कर्मियों को सरकार ने बैठाया घर

**चंडीगढ़ ।** पूर्व मंत्री,और कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सैलजा ने कहा कि कोरोना की भयावह स्थिति के दौरान जिन कर्मियों ने अपनी जान को जोखिम में डालकर प्रदेश के लोगों की जान बचाने की हिम्मत जुटाई, उन्हें भाजपा सरकार सम्मानित करने की बजाए घर बैठा रही है। स्वास्थ्य विभाग में ठेके पर लगाए इन कर्मियों में से अधिकांश की सेवा समाप्त कर दी गई हैं। सैलजा ने कहा कि कोरोना की वजह से प्रदेश में हालात बिगड़ने लगे तो स्वास्थ्य विभाग ने जुलाई 2020 में 2212 कर्मियों की ठेके पर भर्ती की थी। इनमें मेडिकल व पैरामेडिकल स्टाफ शामिल था। कोरोना पीड़ितों के पास जब हर कोई जाने से बच रहा था तो इन्होंने जान को जोखिम में डाला।



## भिवानी में रफ्तार नहीं पकड़ रहा चुनावी सियासी पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रदेश को तीन- तीन सीएम देने वाला दक्षिणी हरियाणा (भिवानी) में राजनीति सियासी पारे ने रफ्तार ही नहीं पकड़ी है। क्योंकि भाजपा व जजपा ने अपने अपने उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतार दिए है,लेकिन अभी कांग्रेस में उम्मीदवार का चयन नहीं हो पाया है। कांग्रेस के उम्मीदवारी का नाम अभी पैनल की सूची में ही उ ल झा हुआ है। जि स के चलते भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा का चुनावी सरगर्मी तेजी नहीं पकड़ पा रही है। हालांकि भाजपा व जजपा ने अपने अपने उम्मीदवारों के पक्ष में बैठकों का दौर शुरू कर दिया है,लेकिन आी कांग्रेस समर्थकों की निगांहे अपने उम्मीदवार के नाम चयन पर टिकी हैं। कांग्रेस का उम्मीदवार का चयन होने के बाद ही चुनावी माहौल में कुछ गरमाहट आएगी। फिलहाल राजनीतिक पंडितों का तर्क है कि जब बड़ी पार्टी कांग्रेस के उम्मीदवार की घोषणा नहीं हो जाती, तब तक चुनावी माहौल नहीं बन पाएगा। उल्लेखनीय है कि लोकसभा के चुनावों की घोषणा 13 मार्च को हुई थी।

- बीजेपी, जजपा की बैठकों का दौर, कांग्रेस में नहीं है अभी कोई चुनावी शोर

**लोकसभा चुनाव**

**कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित होने के बाद ही उक्त लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी बढ़ पाएगी**

उसके बाद भाजपा ने अपने उम्मीदवार के नाम की सबसे पहले घोषणा की थी। बाद में जजपा ने अपना उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारा है। फिलहाल कांग्रेस के समक्ष उम्मीदवार को लेकर असमजस की स्थिति बनी है। भाजपा ने अपने उम्मीदवार चौ. धर्मबीर सिंह के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा वोटिंग करवाए जाने को लेकर बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। उम्मीदवार धर्मबीर सिंह भी अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों से बातचीत कर रहे है। वही भाजपा की पन्ना प्रमुख से लेकर मंत्री तक अपने उम्मीदवार के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। यही स्थिति जजपा की बनी है। जजपा ने अपने उम्मीदवार राव बहादुर सिंह को साथ लेकर बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। उनके पक्ष में जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला व विधायिका नैना चौटाला भी प्रचार व प्रसार में जनता के बीच पहुंच रही है।

दोनों पार्टियां अपने अपने नेताओं के पक्ष में जनता के बीच जाकर अपनी उपस्थित दर्ज करवा रहे है,लेकिन कांग्रेस की तरफ से उम्मीदवार न आने की वजह से अभी समर्थकों व कांग्रेसजनों में अंदर खाते मायूसी है। चूंकि कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित न होने से वे जनता के बीच किस तरह से जाएं और जनता को उम्मीदवा के बारे में क्या बताएं।

यहां यह बताते चलते हैं कि फिलहाल भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा से पूर्व सासंद श्रुति चौधरी व राव दान सिंह के नाम पैनल सूची में बताए जा रहे हैं। अब देखना ये है कि कांग्रेस इनमें से किसको उक्त लोकसभा से उम्मीदवार बनाती है। कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित होने के बाद ही उक्त लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी बढ़ पाएगी।

## किडनी रैकेट का गुरुग्राम में भंडाफोड़

- जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में की गई थी किडनी ट्रांसप्लांट
- सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया भंडाफोड़
- फेसबुक पर विज्ञापन देखकर एजेंट से किया था संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम




**गुरुग्राम।** किडनी रैकेट मामले में एक होटल में रेड करती सीएम फ्लाइंग।

सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुडग़ांव में किडनी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। यह रैकेट राजस्थान के जयपुर में चलाया जा रहा था। टीम ने गुडग़ांव के सेक्टर-39 के बाबिल पाला होटल में रेड की तो उन्हें बांग्लादेश मूल का मोहम्मद शमीम नाम का युवक मिला। जिसकी किडनी को जयपुर फोर्टिस अस्पताल में निकाला गया था। जिसे इसी होटल में डे केयर दिया जा रहा था। टीम ने गेस्ट हाउस में ठहराए गए किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले चार मरीजों को पकड़ा है। वहीं पुलिस ने रैकेट संचालक सहित अन्य पर केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डॉ पवन चौधरी ने बताया कि सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली कि गुडग़ांव में एक होटल के जरिए किडनी प्रत्यारोपण रैकेट चल रहा है। इस पर स्वास्थ्य विभाग के डीएमएस डा. मनीष राठी, सर्जन डा. विवेक व सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर धर्मवीर, एसआई मदन, एएसआई अशोक की टीम ने सेक्टर-39 के बाबिल पाला होटल में रेड की। यहां गेस्ट हाउस संचालक रोहित मिला और उसने गेस्ट हाउस में ठहरे लोगों के बारे में जानकारी दी। टीम को मौके पर बांग्लादेश मूल का शमीम नामक व्यक्ति मिला। जिसकी किडनी निकाली जा चुकी थी। शमीम ने बताया कि वह बांग्लादेश में मोबाइल शॉप चलाता है। फेसबुक पर किडनी प्रत्यारोपण का विज्ञापन देखकर उसने झारखंड के रांची निवासी मोहम्मद मुर्तजा अंसारी नानक एजेंट से संपर्क किया। जिसने बांग्लादेश की करेंसी के मुताबिक उसे चार लाख टका दिए जाने का सौदा तय किया। यह राशि लेकर उसने किडनी देने के लिए लिए डील फाइनल कर दी। एजेंट ने ही उसके फिंगरप्रिंट लेकर उसका फर्जी पासपोर्ट बनवाया और करीब दो महीने पहले भारत भेज दिया। यहां उसका फोर्टिस अस्पताल जयपुर में ऑपरेशन किया गया और कुछ दिन पहले ही उसे गुडग़ांव में शिफ्ट किया गया है।

### फरीदाबाद में मां ने की बेटी की हत्या, फिर खुद लगा ली फांसी

**फरीदाबाद।** सेक्टर 29 हुडा से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक मां ने पहले अपनी 13 साल की बेटी की गला घोटकर हत्या कर दी और इसके बाद खुद भी फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पुलिस ने यह पता लगाने में लगी है कि महिला ने अपनी बेटी की हत्या और खुदकुशी क्यों की। घटना बुधवार दोपहर की है। 39 वर्षीय यशोदा नामक महिला 29 हुडा सेक्टर के कम्युनिटी सेंटर के पास किराये मकान में रहती थी। उसके पति एन प्रताप गुरुग्राम में हुंडई कंपनी में काम करते हैं। महिला के पास उसकी 13 साल की बेटी वैष्णवी रहती थी, जो कक्षा नौ में पढ़ती थी। बताया जाता है कि कल दोपहर यशोदा ने पहले अपनी बेटी वैष्णवी की गला घोटकर हत्या की और बाद में खुद भी फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दी। आज जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाया और दोनों मां बेटी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल भिजवाया। मौके पर पहुंची पुलिस को एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। यह सुसाइड नोट कन्नड़ भाषा में लिखा हुआ है। पुलिस ने सुसाइड नोट को महिला के पति से ही पढ़वाया। जिसमें महिला ने बेटी की हत्या और आत्महत्या के लिए उसने किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। घटना के वक्त महिला का पति एन प्रताप ड्यूटी पर गया हुआ था।

- कन्नड भाषा में लिखा सुसाइड नोट

## मंडलायुक्त पर लटकी तबादले की तलवार

- पंचकूला में बेशकीमती जमीन रजिस्ट्री से पहले रोक लगा दिए जाने का मामला

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार पंचकूला में बेशकीमती सरप्लस जमीन का मामला तूल पकड़ गया है। पूरे मामले में हरियाणा सरकार की ओऱ से दो सप्ताह में जांच पूरी करने के लिए कहा है, ताकि मामले में आगे की कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही अंबाला मंडलायुक्त पर तबादले की तलवार भी लटक गई है, क्योंकि पंचकूला जिला अंबाला मंडल के तहत ही आता है। पूर्व में मातहत अधिकारियों, कर्मियों पर नाजायज दबाव बनाने संबंधी शिकायतें भी आला अफसरों तक पहुंची है।

सूत्रों का कहना है कि राज्य की नायब सिंह सैनी सरकार पूरे मामले में बेहद गंभीर नजर आ रही है। जांच कमेटी के अफसरों को भी जहां दो सप्ताह में जांच पूरी करने को कहा गया है, वहीं अंबाला मंडल की मंडलायुक्त महिला अफसर को यहां से तबादला किए जाने की तलवार लटक गई है। मामले में सरकार की ओर से मुख्य निर्वाचन अधिकारी से पर्मिशन लेने की भी तैयारी है। सूत्र बताते हैं कि अंबाला मंडल में तैनात अफसर द्वारा बिना वजह जांच को प्रभावित नहीं किया जाए और मामले में हस्तक्षेप नहीं हो इस कारण मंडलायुक्त को बदलने की तैयारी है। यहां पर बता दें कि पंचकूला में सात गांवों की सरप्लस जमीन खरीद-फरोख्त मामले में राज्य सरकार की ओर से जांच से पहले अब अंबाला मंडल की आयुक्त रेनू फुलिया पर तबादले की गाज गिरने जा रही है। गत दिवस जांच कमेटी का गठन किया गया है। अंबाला मंडल से मंडलायुक्त के तबादले का प्रस्ताव मुख्य सचिव कार्यालय में तैयार हो चुका है।

### सोनीपत का एचएसआईआईडीसी बड़ी पुलिस स्टेशन बना बेस्ट

# चार पुलिसकर्मी डीजीपी उत्तम सेवा पदक से सम्मानित

- प्रथम पुलिस महानिरीक्षक व अधीक्षक सम्मेलन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आज फरीदाबाद के सूरजकुंड में आयोजित किए जा रहे प्रथम राज्य स्तरीय पुलिस महानिरीक्षक-अधीक्षक सम्मेलन में डीजीपी उत्तम सेवा पदक के लिए चयनित किए गए चार पुलिसकर्मियों को मेडल, प्रशंसा पत्र तथा 50000 की नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने इन चयनित पुलिसकर्मियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निरंतर इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही श्री कपूर ने सोनीपत जिला के बड़ी पुलिस स्टेशन को राज्य में सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन के खिताब से नवाजते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर महेश कुमार को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया है। चयनित पुलिस कर्मियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रदीप कुमार आईजी ट्रैफिक एंड हाईवे करनाल कार्यालय में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है।

प्रदीप कुमार ने अपनी ड्यूटी के दौरान यातायात व्यवस्था संबंधी अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में यातायात को लेकर आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के सुचारू संचालन में भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया। हैड कांस्टेबल अंकुश को साइबर सेल में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया गया। अंकुश द्वारा साइबर सुरक्षा को लेकर बनाई जाने वाली कार्य योजना के बेहतर क्रियान्वयन में शानदार प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही अंकुश ने 1600 से अधिक अध्यापको तथा विद्यार्थियों और 1250 से अधिक पुलिस कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया। इसी प्रकार राम कुमार वर्तमान में हिसार जिला में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। इन्होंने अपने कार्यकाल में कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ काम करते हुए कई गंभीर मामलों को सुलझाने में अपना सहयोग दिया। उनकी मेहनत व लगन के चलते इन्हें इंस्पेक्टर के पद पर भी पदोन्नति दी गई।



**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर चयनित पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते हुए, साथ हैं पुलिस आयुक्त फरीदाबाद राकेश कुमार आर्य।

Indus College of Nursing
A Unit of Indus Group of Institutions
KHANDA KHERI, HISAR
Recogonised By: Indian Nursing Council,
Haryana Nurses Registration Council, DMER
Affiliated to Pt. B.D. Sharma University of Health Sciences, Rohtak
Requirements:-
1. Principal 2. Professors 3. Tutors
Qualification & experience as per INC norms.
Excellent spoken English is must for the teaching staff. Best salary package will be offered and no Bar for deserving candidates. Apply in confidence, by email to collegeindus57@gmail.com within 10 days. Only shortlisted candidates will be called for interview.
Selection strictly on merit basis
Message, Whatsapp or Call on 9813490167

# रीट अगले छह महीने में हो सकता है सूचीबद्धः नारेडको

■ देश का पहला लघु व मझौला रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट होगा

■ छोटे निवेशक महज 10 लाख रुपए का निवेश कर हासिल कर पाएंगे रीट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जमीन-जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनियों के शीर्ष निकाय नारेडको ने कहा है कि देश के पहले लघु और मझोले रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) के अगले छह महीने के भीतर शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने की उम्मीद है।

इसमें छोटे निवेशक महज 10 लाख रुपये का निवेश कर किराये पर लगने वाली संपत्तियों में आंशिक स्वामित्व हासिल कर सकेंगे। नारेडको (नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल) के अध्यक्ष जी हरि बाबू ने बुधवार को एक वेबिनार में कहा, 'हम सितंबर-अक्टूबर तक पहले लघु और मझोला रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट पेश करने की उम्मीद कर रहे हैं।'

### निवेशक आंशिक स्वामित्व प्राप्त कर पाएंगे

उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पिछले महीने लघु और मझोले रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट के लिए नियम अधिसूचित किये थे। इसके तहत निवेशक अब न्यूनतम 10 लाख रुपये का निवेश करके किराये वाली रियल एस्टेट संपत्तियों में आंशिक स्वामित्व प्राप्त कर सकते हैं।



### तीन रीट होंगे सूचीबद्ध

वर्तमान में कार्यालय परिसंपत्तियों के साथ तीन रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट... एम्बैसी ऑफिस पार्क रीट, माइंडस्पेस बिजनेस पार्क रीट और ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट...हैं। एक खुदरा संपत्ति वाला रीट... नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट... भी है।

### किराया देने वाली संपत्ति में कर पाएंगे निवेश

हरि बाबू ने लघु एवं मझोले रीट के लाभ का जिक्र करते हुए कहा कि छोटे निवेशक अब किराया देने वाली रियल एस्टेट संपत्तियों में निवेश कर सकते हैं। वे किराये की आय के साथ-साथ पूंजी मूल्य में वृद्धि भी प्राप्त कर सकते हैं।

### न्यूनतम संपत्ति मूल्य 50 करोड़ होगा

सेबी निदेशक मंडल ने पिछले साल नवंबर में लघु एवं मझोला रीट के लिए एक नियामकीय ढांचा बनाने को लेकर रीट विनियमन, 2014 में संशोधन को मंजूरी दी। इसमें न्यूनतम संपत्ति मूल्य कम से कम 50 करोड़ रुपये रखा गया जबकि मौजूदा रीट के लिए यह 500 करोड़ रुपये है।

# जनवरी-मार्च में आवासीय बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। देश के आठ प्रमुख शहरों में लक्जरी मकानों और प्रीमियम कार्यक्षेत्र की मजबूत मांग के दम पर जनवरी-मार्च में आवासीय बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कार्यालयों की मांग 43 प्रतिशत बढ़ी। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने बृहस्पतिवार को एक वेबिनार में 'भारत रियल एस्टेटः कार्यालय तथा आवासीय रिपोर्ट (जनवरी-मार्च 2024)' जारी की। नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे और अहमदाबाद में जनवरी-मार्च में आवासीय कीमतें सालाना आधार पर दो से 13 प्रतिशत के दायरे में बढ़ीं। कार्यालय का किराया एक से नौ प्रतिशत बढ़ा।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Dr. Sushila
Civil Judge (Junior Division),
Bhateri Devi W/o Jeet Ram
Vs.
General Public
CS/1157/23
CNR No. HRRH02-001767-2023
Next Date:-10-04-2024
It is, therefore, prayed that the decree of declaration to effect that Sapna daughter in law of plaintiff is no more alive in the world and is presumed to be dead and that she had met her civil death may kindly be passed.
PUBLICATION ISSUED TO :
GENERAL PUBLIC
In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **10-04-2024 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Dr. Sushila
Civil Judge
(Junior Division) Rohtak
Dated, this day of 03.04.2024

■ पारंपरिक उद्योगों में फिर से नियुक्तियां बढ़ रही है

■ विनिर्माण और परिचालन की भूमिकाओं में निरंतर उच्च मांग है

■ डेटा एनालिटिक्स, जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग में आवश्यकता

## माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड 2024 ने जारी की रिपोर्ट

# वरिष्ठ पदों पर औसत 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि का अनुमान : रिपोर्ट

*इस साल वरिष्ठ पदों पर वेतन वृद्धि औसतन 20 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड 2024 के अनुसार, पारंपरिक उद्योगों में फिर से नियुक्तियां फिर से बढ़ रही हैं जो विशेष रूप से विनिर्माण तथा परिचालन भूमिकाओं की निरंतर उच्च मांग से स्पष्ट है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इसके अतिरिक्त, विभिन्न क्षेत्रों में डेटा एनालिटिक्स, जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग में कुशल पेशेवरों की आवश्यकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वार्षिक मार्गदर्शन रिपोर्ट में बीएफएसआई, इंजीनियरिंग तथा विनिर्माण, वित्त व लेखा, स्वास्थ्य देखभाल तथा जीवन विज्ञान, मानव संसाधन, विधि, अनुपालन, खरीद व आपूर्ति श्रृंखला, संपत्ति व निर्माण, बिक्री तथा विपणन और प्रौद्योगिकी के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

### भारत में रोजगार सिर्फ वेतन तक सीमित नहीं

पेज ग्रुप के प्रबंध निदेशक अंशुल लोढ़ा ने कहा, 'जैसे-जैसे हम 2024 में आगे बढ़ रहे हैं, भारत में रोजगार की गाथा सिर्फ वेतन तक सीमित नहीं है। लचीलापन, कामकाज का तरीका और पेशेवर वृद्धि के अवसर नौकरी बदलने में महत्वपूर्ण हो रहे हैं, जो एक परिपक्व तथा समग्र रोजगार परिवेश को दर्शाते हैं।'



### भारत की अर्थव्यवस्था में लचीलापन

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की छह प्रतिशत जीडीपी वृद्धि वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारत को इस क्षेत्र में विशिष्ट स्थान पर रखती है। पेजग्रुप के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा, 'भारत की अर्थव्यवस्था के इस तरह के लचीलेपन तथा आशावाद को प्रदर्शित करने और वैश्विक महामारी के पहले के अपने प्रदर्शन को पार करने के बाद क्षमताओं का दोहन करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस प्रकार प्रतिभा को फलने-फूलने देना और नवप्रवर्तन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण बना हुआ है।'

### सेवा क्षेत्र में वृद्धि 13 वर्ष के उच्चस्तर पर : पीएमआई

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां मजबूत मांग के दम पर मार्च में साढ़े 13 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 पुहंच गया। यह फरवरी में 60.6 पर था।

#### पीएमआई 50 से ऊपर

खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी इंडिया सर्विस पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

#### व्यावसायिक गतिविधि में तेजी आई

एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, 'फरवरी में मामूली गिरावट के बाद मार्च में भारत की सेवाओं का पीएमआई बढ़ा, मजबूत मांग के कारण बिक्री तथा व्यावसायिक गतिविधि में तेजी आई। सेवा प्रदाताओं ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए अगस्त 2023 के बाद से सबसे तेज गति से नियुक्तियां बढ़ाई हैं।'

#### 13 वर्ष में दूसरी सबसे बढ़ी उछाल

सर्वेक्षण में कहा गया, 'रोजगार में नवीनतम वृद्धि कई महीनों में 22वीं और नवंबर 2022 के बाद से संयुक्त रूप से सबसे मजबूत है।' इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स फरवरी में 60.6 से बढ़कर मार्च में 61.8 हो गया। यह साढ़े 13 वर्षों में दूसरे सबसे मजबूत उछाल को दर्शाता है।

### रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 83.39 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 83.39 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख और प्रमुख प्रतिद्वन्द्वी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर होने से रुपये की विनिमय दर में बढ़त रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी तथा विदेशी कोषो की सतत निकासी ने रुपये की बढ़त को सीमित कर दिया। इसके अलावा शुक्रवार को आने वाली रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा से पहले बाजार भागीदार सतर्क रहे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.44 प्रति डॉलर पर खुला। दिन के कारोबार में यह 83.39 के उच्चस्तर और 83.46 प्रति डॉलर के निचले स्तर के बीच घट-बढ़ के बाद अंत में 14 पैसे की बढ़त के साथ 83.39 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Manglesh Kumar Choubey
Civil Judge (Senior Division), Rohtak
Sahil S/o Late Ranbir
Vs.
General Public
CNR No. HRRH02-000504-2024
Next Date : 27-05-2024
PUBLICATION ISSUED TO :
General Public
Rohtak
In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **27-05-2024 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Civil Judge
(Senior Division) Rohtak
Dated, this day of 02.04.2024

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार
ललित कला अकादेमी
राष्ट्रीय कला संस्थान
रवीन्द्र भवन, नई दिल्ली-110001
**दीर्घा आबंटन 2024 - 25**
ललित कला अकादेमी वर्ष 2024 - 25 के लिए रवीन्द्र भवन, नई दिल्ली स्थित कला दीर्घाएँ आरक्षित करने हेतु आवेदन आमंत्रित करती है।
आवेदन प्रपत्र ललित कला अकादेमी की वेबसाईट: http://www.lalitkala.gov.in पर वेबलिंक के माध्यम से उपलब्ध हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र इस विज्ञापन के जारी होने के 45 दिनों के भीतर ऑनलाईन जमा किए जाने चाहिए।
अन्य किसी जानकारी के लिए दूरभाष 011-23009282/214 पर सम्पर्क करें।
राजीव कुमार
सचिव (प्रभारी)
वी. नागदास
अध्यक्ष
CBC 09105/12/0001/2425

**MAHARASHTRA STATE DISTRICT CONSUMER DISPUTES REDRESSAL COMMISSION, NAGPUR**
5th Floor, Administrative Building No. 1, Civil Lines, Nagpur-440001
Emaill : confo-ng-mh@nic.in Ph. No. 0712-2548522
**NOTICE**
Complainant has Filed a complaint in this Commission at Nagpur bearing Complaint No. **CC/560/2023 Sarang Mahadeorao Gajbhiye v/s Amazan India Pvt. Ltd.** Hence the Commission Granted permission to publish the notice to opposite party in News Paper.
Therefore Opposite Party **Ajay Kumar Haripure, Near HP Gas Godowon, Bhiwani, Haryana** is hereby ordered Vide this publication to appear before District Consumer Disputes Redressal Commission, 5th Floor Administrative Building, Civil Lines, Nagpur on dated **16/04/2024** at 11.00 a.m
Seal
Sd/- Registrar
District Consumer
Commission, Nagpur.

**भारतीय रेल**
"सार्वजनिक सूचना"
उत्तर रेलवे के नीचे उल्लिखित खंड के पूर्ण खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि 2200 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, एसी ओवरहेड ट्रैक्शन तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद सक्रिय किया जाएगा। उसी तारीख से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के करीब नहीं आएगा या काम नहीं करेगा।

| अनुभाग | दिनांक |
|---|---|
| चोरी निरोधक उपाय के रूप में दिल्ली डिवीजन के डोभ बहाली (छोड़कर) स्थान संख्या 07/10ए(एन) (श्रृंखला संख्या:7/612) से हांसी (छोड़कर) स्थान संख्या 68/17 (श्रृंखला संख्या: 68/820) तक 2.2 केवी, सिंगल फेज एसी नव विद्युतीकृत मुख्य लाइन का ऊर्जाकरण | 04.04.2024 |

उप. मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
उत्तर रेलवे, चौथी मंजिल
डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली
भारतीय रेल
एसी 2.2 केवी कर्षण का परिचय
"सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए चेतावनी"
जनता की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि 2.2 केवी एसी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की शुरूआत के संबंध में:- "**चोरी निरोधक उपाय के रूप में दिल्ली डिवीजन के डोभ बहाली (छोड़कर) स्थान संख्या 07/10ए(एन) (श्रृंखला संख्या:7/612) से हांसी (छोड़कर) स्थान संख्या 68/17 (श्रृंखला संख्या: 68/820) तक 2.2 केवी, सिंगल फेज एसी नव विद्युतीकृत मुख्य लाइन का ऊर्जाकरण** "4.78 मीटर की स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई के साथ सभी लेवल क्रॉसिंगों पर ऊंचाई गेज लगाए गए हैं और संपर्क तार सड़क के स्तर से न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊंचाई पर होंगे, ताकि अत्यधिक ऊंचाई वाले भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन के खतरनाक निकटता से रोका जा सके।
जनता को सूचित किया जाता है कि वे वाहनों को लोड करने के उद्देश्य से ऊपर निर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहनों में ले जाया गया भार किसी भी परिस्थिति में ऊंचाई गेज का उल्लंघन नहीं करता है।
अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं:-
i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ-साथ रेलवे लाइन में भी रुकावट।
ii) ले जाई गई सामग्री या उपकरण या स्वयं वाहन को खतरा।
iii) कंडक्टरों के संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम
उप. मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
उत्तर रेलवे, चौथी मंजिल
डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली
1000/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### महिन्द्रा का उपहार सबसे नई एसयूवी, एक्सयूवी 3एक्सओ

मुंबई। भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित एसयूवी, एक्सयूवी 3एक्सओ के नाम का अनावरण किया। 29 अप्रैल को इसकी वैश्विक शुरुआत इस श्रेणी में एक नई मिसाल कायम करेगी, जिसमें परिष्कार और आधुनिक तकनीक शामिल होगी जिसके लिए एक्सयूवी ब्रांड डीएनए मनाया जाता है। 'आप जो कुछ भी चाहते हैं और उससे भी अधिक' प्रदान करने के लिए इंजीनियर किया गया, एक्सयूवी 3एक्सओ वास्तव में एक असाधारण महिंद्रा एसयूवी का सार प्रस्तुत करता है। यह शहरी ड्राइवरों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए रोमांचकारी प्रदर्शन, अत्याधुनिक तकनीक, बेजोड़ डिजाइन और अद्वितीय सुरक्षा को एकीकृत करता है। प्रत्येक यात्रा में तीन गुना अपील के साथ यह एसयूवी स्वामित्व के सभी पहलुओं में अपेक्षाओं से अधिक है। एक्सयूवी 3एक्सओ प्रगतिशील लोगों की महत्वाकांक्षाओं से मेल खाता है, इसका नाम 'सीएक्सओ' द्वारा दर्शाई गई कार्यकारी ऊंचाइयों को प्रतिबिंबित करता है।

### अस्पताल में इलाज के लिए कर्ज देगा केनरा बैंक

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने अस्पताल के खर्च में कमी को पूरा करने के लिए कर्ज देने की योजना सहित कई नये उत्पाद पेश किये। बैंक ने बयान में कहा कि केनरा 'हील'' नामक स्वास्थ्य देखभाल-केंद्रित कर्ज उत्पाद का मकसद स्वयं या आश्रितों के स्वास्थ्य बीमा दावों का निपटान करते हुए अस्पताल में भर्ती होने के खर्च की कमी को पूरा करना है।




### मोशन एजुकेशन ने लॉटरी निकालकर हजारों जरूरतमंद विद्यार्थियों को दी स्कॉलरशिप

कोटा। मोशन एजुकेशन की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप देने के लिए लॉटरी निकली गई। इसके लिए देशभर के 2 लाख 44 हजार 120 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों में से 48 हजार 224 को जेईई और नीट की तैयारी के लिए अमृत कोर्स निशुल्क प्रदान किया गया। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि मोशन गत दो वर्ष से अपने यू-ट्यूब चैनल्स से हुई कमाई जेईई और नीट स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप देने पर खर्च कर रहा है। स्कॉलरशिप की लॉटरी का यह तीसरा साल है इसमें प्रथम पुरस्कार के तहत गौरव कुमार का नाम निकला। उनसे सम्पर्क न होने की स्थिति में रोहित चौहान का नाम भी बैकअप के तौर पर रखा गया है। गौरव को कोटा क्लास रूम कोचिंग की फीस और कोटा में रहने-खाने का खर्च प्रदान किया जाएगा। 42 छात्र-छात्राओं को कोटा क्लास रूम कोचिंग निःशुल्क दी गई। लॉटरी में मोशन के दो विद्यार्थी मुशाहिद रजा और अनुराग सिंह भी शामिल हैं। अब इनकी पूरी फीस माफ़ होगी। इसके अलावा 151 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत, 251 को 75 और 551 को 50 प्रतिशत स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गई। लॉटरी के लिए आवेदन करने वाले हर पांच में से एक विद्यार्थी को मोशन अमृत कोर्स निशुल्क दिया गया।

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1.)CV- 4393899 (BABA SMADH) EICHER PRO 5025 BS IV HR47D5728- YOM- 2018 RESERVE PRICE - 574192/-
2)CV-4393904 ( BABA SMADH) EICHER PRO 5025 BS IV HR47D4735- YOM- 2018 RESERVE PRICE - 574192/-
3)CV-4393827( BABA SMADH) EICHER PRO 5025 HR47D5117- YOM- 2018 RESERVE PRICE - 574192/-
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 19.04.2024 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOUD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001
OR
CONTACT: MR. GOVERDHAN JOSHI
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. +91-9671300231
EMAIL Goverdhan.joshi@kotak.com

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**
इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ

7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203


**ज्योतिष**
समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन-दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते-बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-59
8586896357

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

- **मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। धन की स्थिति में सुधार होगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है। लाभ में वृद्धि होगी।
- **वृष** — भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा बढ़ सकते हैं। आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी।
- **मिथुन** — क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।
- **कर्क** — रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। खानपान के प्रति सचेत रहें। उदर विकार से पीड़ति हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।
- **सिंह** — कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
- **कन्या** — सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद रहेंगे। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। खर्चों में वृद्धि होगी।
- **तुला** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में मन लगेगा। किसी नये कारोबार की शुरुआत हो सकती है।
- **वृश्चिक** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। परिवार की समस्या परेशान कर सकती हैं। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।
- **धनु** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। कला या संगीत में रुचि हो सकती है।
- **मकर** — आय में वृद्धि होगी। कार्यभार बढ़ेगा। मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी संयत रहें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।
- **कुंभ** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है।
- **मीन** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

## शब्द पहेली - 5472



**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

### शब्द पहेली- 5471 का हल



## सूडोकु नवताल - 5483

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5482 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 4 | 1 | 3 | 2 |
| दिल्ली | 4 | 1 | 3 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
203 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप

### फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम ताजा फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरकर 121वें स्थान पर खिसक गई जो पिछले कुछ साल में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारत को पिछले महीने गुवाहाटी में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर में अफगानिस्तान ने 2-1 से हराया था। पिछले साल इंटर कांटिनेंटल कप, त्रिकोणीय टूर्नामेंट और सैफ चैम्पियनशिप जीतकर भारत शीर्ष सौ में पहुंचा था लेकिन 26 मार्च को अपने से नीची रैंकिंग वाली अफगानिस्तान टीम से हार अप्रत्याशित रही। जनवरी में एशियाई कप में भारतीय टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी और चार टीमों के ग्रुप बी में चौथे स्थान पर रही।

### फिरोजा के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे प्रज्ञानानंदा



**टोरंटो।** भारत के स्टार खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा यहां शुरू हुए कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ खेलेंगे जबकि ऑल इंडियन मुकाबले में डी गुकेश और विदित गुजराती आमने-सामने होंगे। दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ियों फाबियानो करुआना और हिकारू नाकामूरा के बीच ऑल अमेरिकी मुकाबला होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले में अजरबेजान के निजात अबासोव की भिड़ंत रूस के इयान नेपोमनियाची से होगी। महिला वर्ग के पहले दौर में भी दो भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली और कोनेरू हंपी आमने-सामने होंगी।

### ओल्टमेंस को राष्ट्रीय टीम का कोच बनाना चाहता है पाकिस्तान

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने भारत के पूर्व कोच रहे मशहूर डच कोच रोलेंट ओल्टमेंस से राष्ट्रीय टीम का कोच बनने के लिये संपर्क किया है। आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे पीएचएफ में इस समय दो ईकाइयां है। पीएचएफ ने मलेशिया और पोलैंड में मई जून में होने वाले अजलन शाह कप और नेशंस कप के लिये पाकिस्तानी टीम का कोच बनने का अनुरोध किया है। पीएचएफ के एक धड़े के सचिव राणा मुजाहिद ने पुष्टि की है कि ओल्टमेंस से संपर्क किया गया है जबकि दूसरे धड़े के सचिव हैदर हुसैन ने चेताया है कि महासंघ को एफआईएच से निलंबन झेलना पड़ सकता है।

# मंयक को सीधे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उतारा जा सकता है: ब्रॉड

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत की नयी तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव को सीधे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उतारा जा सकता है ताकि कैरियर में चोटों का सामना करने के लिये उनका शरीर सख्त हो सके।

पिछले साल क्रिकेट के सभी प्रारूपों से विदा ले चुके ब्रॉड का मानना है कि कम उम्र में ही शुरूआत करके यादव शीर्ष स्तर पर बहुत कुछ सीख सकते हैं लेकिन उन्हें उतार चढाव के लिये तैयार रहना होगा।

### मंयक का लय जबरदस्त

तेज गेंदबाज ने कहा ,'उसे यह याद रखना होगा कि खेल में चोट भी लगेगा। वह काफी रफ्तार से गेंद डालता है लेकिन उसकी लय जबर्दस्त है। पहले दो आईपीएल मैचों में किसी तेज गेंदबाज को मैन आफ द मैच चुना जाना अक्सर नहीं होता। मैं उम्मीद करता हूं कि वह तीनों प्रारूप खेलेगा। उसे अपेक्षाओं के दबाव की भी आदत डालनी होगी। उसे हर मैच में तो मैन आफ द मैच पुरस्कार नहीं मिलेगा।'



### घरेलू क्रिकेट से गुजारना जरूरी नहीं

स्टार स्पोटर्स की कमेंट्री टीम में शामिल ब्रॉड ने यहां चैनल के स्टूडियो में बातचीत में कहा ,'मुझे नहीं लगता कि उसे घरेलू क्रिकेट से होकर गुजरने की जरूरत है। शीर्ष स्तर पर खेलकर उसका शरीर खुद ब खुद सख्त हो जायेगा।'

### रनअप, लाइन और लैंग्थ काफी अच्छी

ब्रॉड ने कहा ,'उसका रनअप अच्छा है और उसे लाइन और लैंग्थ की भी अच्छी समझ है। किसी युवा गेंदबाज के लिये सबसे शीर्ष स्तर पर खेलना अच्छा सबक होता है। मैने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कम उम्र में शुरूआत करके ही बहुत कुछ सीखा। वह आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ सीख रहा है।'

### पहले उतारने से ही फायदा होगा

इंग्लैंड के लिये 604 टेस्ट विकेट ले चुके ब्रॉड ने कहा कि 21 वर्ष के मयंक को शीर्ष स्तर पर उतारने से उसे फायदा ही होगा क्योंकि भारत को एक खास गेंदबाज मिल गया है। उन्होंने कहा, 'मैं तो उसे भारतीय टीम में देखना चाहूंगा। जरूरी नहीं कि वह खेले लेकिन ड्रेसिंग रूम में बहुत कुछ सीख सकत है। भारत को एक खास खिलाड़ी मिल गया है जिसे ढंग से मैनेज करने की जरूरत है।'

### आईपीएल: काम न आई शुभमन की फिफ्टी, पंजाब की दूसरी जीत

# शशांक सिंह के अर्धशतक से पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को हराया

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

शशांक सिंह के नाबाद अर्धशतक की मदद से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के बेहद रोमांचक मुकाबले में गुरुवार को यहां गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हरा दिया। टाइटंस के 200 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की टीम नूर अहमद (32 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 13वें ओवर में 111 रन तक पांच विकेट गंवाकर संकट में थी लेकिन शशांक ने 29 गेंद में छह चौकों और चार छक्कों से नाबाद 61 रन की पारी खेलकर टीम को सात विकेट पर 200 रन के विजयी स्कोर तक पहुंचा दिया। शशांक ने जितेश शर्मा (आठ गेंद में दो छक्कों से 16 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 39 और आशुतोष शर्मा (17 गेंद में तीन छक्के और एक चौके से 31 रन) के साथ सातवें विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी करके पंजाब की जीत सुनिश्चित की। पंजाब के लिए कप्तान शुभमन गिल ने 48 गेंद में चार छक्कों और छह चौकों से नाबाद 89 रन की पारी खेली। उन्होंने साई सुदर्शन (33) के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी करने के अलावा राहुल तेवतिया (आठ गेंद में नाबाद 23) के साथ 14 गेंद में 35 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर चार विकेट पर 199 रन तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जॉनी बेयरस्टो ने अजमतुल्लाह उमरजई (41 रन पर एक विकेट) के पहले ओवर में तीन चौके मारे लेकिन कप्तान शिखर धवन (01) उमेश यादव (35 रन पर एक विकेट) की पहली ही गेंद को विकेटों पर खेल गए। प्रभसिमरन सिंह (35) ने उमेश पर चौका जड़ने के बाद उनके अगले ओवर में भी छक्का और चौका मारा। बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद ने अपनी पहली ही गेंद पर बेयरस्टो (22) को बोल्ड किया। पंजाब ने पावर प्ले में दो विकेट पर 54 रन बनाए। प्रभसिमरन भी इसके बाद बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में नूर की गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर मोहित शर्मा (38 रन पर एक विकेट) को बेहद आसान कैच दे बैठे।



**गुजरात-199/4 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साहा का धवन बो रबादा | 11 |
| शुभमन गिल नाबाद | 89 |
| केन का बेयरस्टो बो हरप्रीत | 26 |
| साइ सुदर्शन का जितेश बो हर्षल | 33 |
| शंकर का हरप्रीत बो रबादा | 08 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 23 |

अतिरिक्त: 09
कुल: 20 ओवर में चार विकेट पर: 199 रन
विकेट पतन: 1-29, 2-69, 3-122, 4-164
गेंदबाजी: हरप्रीत 4-0-33-1, अर्शदीप 4-0-33-0, रबादा 4-0-44-2, कुरेन 2-0-18-0, हर्षल 4-0-44-1, रजा 2-0-22-0

**पंजाब-200/7 (19.5)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| शिखर धवन बो उमेश | 01 |
| जॉनी बेयरस्टो बो नूर | 22 |
| प्रभसिमरन का मोहित बो नूर | 35 |
| सैम का विलियमसन बो उमरजई | 05 |
| सिकंदर रजा का साहा बो मोहित | 15 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 |
| जितेश का नालकंडे बो राशिद | 16 |
| आशुतोष का राशिद बो नालकंडे | 31 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 13
कुल: 19.5 ओवर में सात विकेट पर: 200 रन
विकेट पतन: 1-13, 2-48, 3-64, 4-70, 5-111, 6-150, 7-193
गेंदबाजी: उमरजई 4-0-41-1, उमेश 3-0-35-1, राशिद 4-0-40-1, नूर 4-0-32-2, मोहित 4-0-38-1, नालकंडे 0.5-0-6-1



### मुस्ताफिजूर के बिना सुपर किंग्स का सामना आज हैदराबाद से

**हैदराबाद।** फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान के बिना चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी जो अपना दिन होने पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में सक्षम है। दिल्ली कैपिटल्स से पिछले मैच में पराजय झेलने के बाद चेन्नई टीम जीत की राह पर लौटने उतरेगी। इतने लंबे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में उतार चढाव आना लाजमी है और चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने पिछले मैच में मिली हार के बाद यही कहा था। उन्हें और उनके सलामी जोड़ीदार रचिन रविंद्र को हालांकि घूमती गेंदों का सामना करने के लिये तैयार रहना होगा जिसमें वे दिल्ली के खिलाफ चूक गए थे।

खास खबर

### भारत में डोपिंग के मामले सर्वाधिक



- 2000 या अधिक टेस्ट कराने वाले देशों में भारत
- भारत के बाद दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका

**नई दिल्ली।** विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2000 या अधिक नमूनों की जांच कराने वाले देशों में 2022 टेस्टिंग आंकड़ा रिपोर्ट के अनुसार भारत में डोपिंग टेस्ट में नाकाम रहने के मामले सर्वाधिक हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर है। वाडा ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में 3865 नमूनों (मूत्र और रक्त दोनों) की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे जो नमूनों की संख्या का 3 . 2 प्रतिशत है। नमूनों की जांच के मामले में भारत 11वें स्थान पर है लेकिन डोपिंग के मामले रूस (85), अमेरिका (84), इटली (73) और फ्रांस (72) जैसी खेल महाशक्तियों से अधिक है। दक्षिण अफ्रीका ने 2023 नमूनों की जांच की जिसमें से 2 . 9 प्रतिशत पॉजीटिव रहे। तीसरे स्थान पर कजाखस्तान है जिसके 2174 नमूनों में से 1 . 9 प्रतिशत पॉजीटिव निकले। चौथे स्थान पर नॉर्वे और अमेरिका रहे। चीन ने रिकॉर्ड 19228 नमूनों की जांच की जबकि प्रतिकूल नतीजे 0 . 2 प्रतिशत रहे।

**रूस ने 10186 नमूनों की जांच की** : डोपिंग मामलों के कारण अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का निलंबन झेलने वाले रूस ने 10186 नमूनों की जांच की और 0 . 8 प्रतिशत पॉजीटिव रहे।

### अनमोल समेत 5 भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**अस्ताना।** युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब समेत पांच भारतीय खिलाड़ी कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंज के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। अनमोल के अलावा देविका सिहाब, पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत और ईशारानी बरूआ ने महिला एकल में अंतिम आठ में जगह बनाई। गत राष्ट्रीय चैम्पियन अनमोल ने यूएई की नूरानी रातु अजाहरा को दूसरे दौर में 21-11, 21-7 से हराया। अब उनका सामना जापान की सोरानो योशिकावा से होगा। वहीं इस साल चार फाइनल में पहुंचकर दो अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिजाब जीतने वाली सिहाग ने अजरबैजान की केइशा फातिमा अजाहरा को 21-12, 21-12 से शिकस्त दी। अब उनका सामना हमवतन अनुपमा से होगा जिसने चेक गणराज्य की टेरेजा एस को हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या ने इस्राइल की सेनिया पोलिकारपोवा को 21-11, 21-18 से मात दी। अब वह हमवतन ईशारानी से खेलेंगी जिसने न्यूजीलैंड की टिफानी हो को 21-10, 20-14 से हराया।

# उबर कप नहीं खेलेंगी सिंधू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और शीर्ष दो युगल टीमों ने उबर कप से नाम वापिस ले लिया है लेकिन पुरूष वर्ग में मजबूत टीम 27 अप्रैल से चेंगडू में होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलेगी।

फरवरी में बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के जरिये वापसी करने के बाद से सिंधू ने छह टूर्नामेंट खेले हैं। उन्होंने पेरिस ओलंपिक से पहले रिकवरी के लिये पर्याप्त समय की जरूरत को देखते हुए नाम वापिस लिया है। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो ने भी नाम वापिस ले लिया है। उनका फोकस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये दूसरे टूर्नामेंटों पर है। बीएआई सचिव संजय मिश्रा ने कहा ,'सिंधू चोट के बाद वापसी कर रही है और पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये उसे समय चाहिये। युगल टीमों ने भी नाम वापिस ले लिया है क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ समय में काफी टूर्नामेंट खेले हैं और अब फोकस क्वालीफिकेशन पर है।' भारत थॉमस कप में गत चैम्पियन है और इस बार भी मजबूत टीम उतारी है। इसमें पांच एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत, एच एस प्रणय, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज हैं।

### ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंयिनशिप में लीग मुकाबले जारी

# संबलपुर यूनिवर्सिटी ने जलगांव यूनिवर्सिटी को 9 विकेट से हराया

- एलपीयू फगवाडा ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी को 6 विकेट से मात दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/झुंझुनूं



श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी परिसर में चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप के लीग मुकाबलों में वीरवार को संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर ने कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव को 9 विकेट से मात दे दी। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाडा ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट को 6 विकेट से तथा हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला ने त्रिपुरा यूनिवर्सिटी को 5 विकेट से हराया। आज यहां मुकाबलों की जानकारी देते हुए चैंपियनशिप के आयोजन सचिव डॉ अरूण कुमार ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। लेकिन लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाडा के गेंदबाजों ने शुरू से ही मैच पर शिकंजा कसते हुए 15.2 ओवर में ही 85 रन पर आउट कर दिया। एलपीयू फगवाडा के कप्तान दिपिन ने 4 ओवर में 21 रन देकर 2 विकेट और अंकित ने 3 ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट झटके। राजकोट टीम की ओर से केवल कश्यप 17 रन बना सके। इस लक्ष्य का पीछा करते एलपीयू फगवाडा ने अपने कप्तान की 4 छक्के व 8 चौकों की मदद से शानदार अर्धशतकीय पारी 25 गेंद पर 57 रन की बदौलत 8.2 ओवर में ही मैच जीत लिया। इसी प्रकार पूल बी के मुकाबले में कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 131 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए संबलपुर यूनिवर्सिटी ने अंकित के शानदार 63 व अंकित की अर्धशतकीय पारी की बदौलत एक विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया और मैच को 9 विकेट से जीत लिया।

### हार के बाद स्टिमक को बर्खास्त करने की सिफारिश की गई थी

# विश्व कप क्वालीफायर मैचों में प्रभारी बने रहेंगे इगोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आलोचनाओं का सामना कर रहे इगोर स्टिमक कुवैत और कतर के खिलाफ भारत के फीफा विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफाइंग मुकाबलों के प्रभारी बने रहेंगे क्योंकि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच से आगामी दो मैचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है।

भारतीय फुटबॉल के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली तकनीकी समिति ने 26 मार्च को गुवाहाटी में घरेलू चरण के मुकाबले में अफगानिस्तान से मिली चौंकाने वाली हार के बाद क्रोएशिया की विश्व कप टीम के खिलाड़ी रह चुके स्टिमक को बर्खास्त करने की सिफारिश की थी लेकिन अब एक हफ्ते बाद एआईएफएफ ने फिलहाल उन्हें बरकरार रखा है।



### वर्चुअल बैठक में स्टिमक से चर्चा

अफगानिस्तान से हार के बाद एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे द्वारा गठित और उपाध्यक्ष एनए हारिस की अध्यक्षता वाली एक समिति ने मंगलवार को वर्चुअल बैठक के दौरान स्टिमक के साथ चर्चा की।

### इतिहास में पहली बार तीसरे दौर में जगह बनाने का मौका

एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य और तकनीकी समिति के अध्यक्ष विजयन ने कहा, 'मुझे खुशी है कि मुख्य कोच के साथ हमारी अच्छी चर्चा हुई। विश्व कप क्वालीफायर में हमारे दो मुकाबले बचे हैं। इतिहास में पहली बार हमारे पास तीसरे दौर में जगह बनाने का मौका।'

### भारत को मैचों पर ध्यान केंद्रित करना होगा

विजयन ने कहा, 'अब समय आ गया है कि हम अगले दो मैचों पर ध्यान केंद्रित करें और राष्ट्रीय टीम के साथ मजबूती से खड़े रहें ताकि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।' हारिस, विजयन और क्लाइमैक्स लॉरेंस सहित समिति के तीन सदस्य बैठक में शामिल नहीं हो सके।

### भारत के असफल रहने पर इस्तीफा देंगे

बैठक के दौरान स्टिमक से अफगानिस्तान के घरेलू मैच से पहले उनकी टिप्पणियों को स्पष्ट करने के लिए भी कहा गया, जहां उन्होंने कहा था कि अगर भारत क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने में असफल रहा तो वह इस्तीफा दे देंगे।

### पंत पर लगा 24 लाख का जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में दूसरी बार धीमी ओवरगति रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की ओवरगति बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में धीमी रही थी। बाकी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईपीएल ने एक बयान में कहा , 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच में धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है।'

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
खुली निविदा सूचना संख्या ETrU-T-19-2023-24 & ETrU-T-20-2023-24
वरि, मंडल विद्युत्त अभियंता / क,वि, / उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदाये आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद / खुलने की तिथि | लगभग लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ETrU-T-19-2023-24 | 25 केवी एसी 50 हर्ट्ज ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग के संबंध में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रूपनगर, नंगल डैम, आनंदपुर साहिब, अम्ब अंदौरा और सरहिंद रेलवे स्टेशन पर 12.00 मीटर चौड़े एफओबी का प्रावधान हेतु कार्य। | 26.04.2024 | ₹ 1,11,12,780.13/- | ₹ 2,05,600/- |
| 2 | ETrU-T-20-2023-24 | 25 केवी एसी 50 हर्ट्ज ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग के संबंध में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत धुरी, मलेरकोटला, संगरूर और अबोहर रेलवे स्टेशन पर 12.00 मीटर चौड़े एफओबी का प्रावधान हेतु कार्य। | 26.04.2024 | ₹ 89,33,907.95/- | ₹ 1,78,700/- |

| कार्य पूरा करने की अवधि | 06 महीने | वैधता अवधि | 45 दिन | टेण्डर फॉर्म की कीमत | Downloading throught IREPS portal- NIL,(रूपये) 5,000/- Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए |
|---|---|---|---|---|---|

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN / GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई–निविदा में भाग लेने के लिए क्लास III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST,BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागु हैं एवं इस प्रकार है: "Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE"- 5 टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाये।
सं. No. ETrU-T-19-2023-24 & ETrU-T-20-2023-24 दिनांक: 04.04.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
1002/24

## चिंतन

# सैन्य क्षमता में वृद्धि करते रहना आवश्यक

भारत आर्थिक रूप से जितना अधिक मजबूत होगा, उसकी सामरिक चुनौतियां उतनी ही बढ़ेंगी। महान कूटनीतिज्ञ चाणक्य के शब्दों में किसी भी प्रकार के आक्रमण से अपनी जनता की रक्षा करना प्रत्येक राजसत्ता का सर्वप्रथम उद्देश्य होता है। चाणक्य ने अर्थशास्त्र में लिखा है कि एक संप्रभु सक्षम राष्ट्र को चार अलग-अलग तरह के खतरों का सामना करना पड़ता है। आंतरिक, बाह्य, बाह्य रूप से सहायता प्राप्त आंतरिक और आंतरिक रूप से सहायता प्राप्त बाहरी। संयोग से इस वक्त भारत इन चारों तरह के मिश्रित खतरों का सामना कर रहा है। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-प्राइम' के सफल परीक्षण से भारत की सैन्य शक्ति में और वृद्धि हुई है। भारत को चीन और पाकिस्तान सीमा पर अधिक खतरा है, पाकिस्तान से 2016 से और चीन से 2020 से रिश्ते सबसे खराब के स्तर पर हैं। चीन की लगातार कोशिश है कि भारतीय सीमा एलएसी पर विवाद बना रहे। एलएसी पर चीनी कारस्तानियां चलती रहती हैं, चीनी फौज सुनियोजित साजिश के तहत भारतीय सीमा पर षड्यंत्र करती रहती है, इससे दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव बना रहता है। पाकिस्तान एलओसी पर कश्मीर में आतंकी घुसपैठ कराने के मकसद से सीजफायर का उल्लंघन करता रहा है। चीन और पाकिस्तान का एकमेव कृत्य है, सीमा पर भारत को परेशान करते रहना। चीन नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, म्यांमार आदि भारत के पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक व सामरिक संबंध मजबूत कर भी भारत के लिए सैन्य मुश्किल खड़ी करता है। इसके अलावा भी कई अदृश्य शक्तियां हैं, जो भारत की आस्तीन में रहकर भारत के खिलाफ एक्शन में लिप्त रहती हैं। ऐसे में भारत की सामरिक चुनौतियां बड़ी हैं। इस चुनौतियों का सामने करने के लिए भारत को सामरिक रूप से निरंतर मजबूत बनना पड़ेगा। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-प्राइम' जैसी मिसाइल भारत की सैन्यशक्ति में इजाफा करती है। पिछले महीने, भारत ने अपने 'मिशन दिव्यास्त्र' के तहत मल्टीपल इंडिपेंडेंट टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) के साथ देश में विकसित अग्नि-पांच मिसाइल का पहला सफल परीक्षण किया था। एमआईआरवी सुविधा यह सुनिश्चित करती है कि एक ही मिसाइल विभिन्न स्थानों पर विभिन्न लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। अग्नि-पांच मिसाइल की मारक क्षमता 5,000 किमी तक है। मिसाइल की जद चीन के उत्तरी भाग समेत लगभग पूरे एशिया और साथ ही यूरोप के कुछ क्षेत्रों तक है। अग्नि-1 से अग्नि-4 श्रेणी की मिसाइलों की मारक क्षमता 700 किमी से 3,500 किमी तक है और इन्हें पहले ही तैनात किया जा चुका है। पिछले साल जून में भारत ने 'अग्नि प्राइम' का रात के दौरान सफल परीक्षण किया था। भारत पृथ्वी की वायुमंडलीय सीमा के अंदर और बाहर किसी शत्रु की तरफ से आने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने की क्षमता विकसित कर रहा है। भारत मिसाइल, फाइटर प्लेन समेत सभी प्रकार के स्वदेशी सैन्य उपकरण से लैस हो रहा है, साथ ही अनेक आयातित डिफेंस सिस्टम से सेना मजबूत हो रही है। भारतीय सेना परंपरागत वार के अलावा हाईटेक वार में भी दक्ष है, आज भारत विश्व की चौथी बड़ी सैन्य शक्ति है। सामरिक चुनौतियों का सामना करने के लिए खुफिया तंत्र की मजबूती, सैन्य शक्ति व युद्ध नीति का आधुनिकीकरण, उन्नत अस्त्र-शस्त्र के साथ सीमा क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है।



विडंबना
डॉ. अश्विनी महाजन

# उत्तर-दक्षिण विभाजन की झूठी कहानी

> लंदन से प्रकाशित पक पत्रिका में लेख के जरिये उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन की नई परिभाषा गढ़ने की कोशिश की है। पत्रिका यह दावा करने की कोशिश करती है कि दक्षिण भारतीय राज्य आर्थिक दृष्टि से शेष भारत से अलग हैं, क्योंकि भारत की केवल 20 प्रतिशत आबादी पांच दक्षिणी राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में रहती है, लेकिन इन राज्यों को कुल विदेशी निवेश का 35 प्रतिशत प्राप्त होता है। इन राज्यों ने देश के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक विकास किया है और जहां 1993 में ये राज्य देश की जीडीपी का 24 प्रतिशत उत्पन्न करते थे, वहीं अब यह बढ़कर 31 प्रतिशत हो गया है।

हाल ही में लंदन से प्रकाशित 'द इकोनॉमिस्ट' नाम की एक पत्रिका ने एक बेहद शरारती लेख के जरिये उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन की नई परिभाषा गढ़ने की कोशिश की है। पत्रिका यह दावा करने की कोशिश करती है कि दक्षिण भारतीय राज्य आर्थिक दृष्टि से शेष भारत से अलग हैं, क्योंकि भारत की केवल 20 प्रतिशत आबादी पांच दक्षिणी राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में रहती है, लेकिन इन राज्यों को कुल विदेशी निवेश का 35 प्रतिशत प्राप्त होता है। इन राज्यों ने देश के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक विकास किया है और जहां 1993 में ये राज्य देश की जीडीपी का 24 प्रतिशत उत्पन्न करते थे, वहीं अब यह बढ़कर 31 प्रतिशत हो गया है। 46 प्रतिशत टेक यूनिकॉर्न दक्षिण भारत से हैं और भारत का 46 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात इन्हीं पांच दक्षिणी राज्यों से होता है। इतना ही नहीं, पत्रिका लिखती है कि 66 फीसदी आईटी सेवाओं का निर्यात भी दक्षिणी राज्यों से होता है।

कुछ एजेंडाधर्मी लोगों को छोड़ सारा विश्व जानता है कि उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक भारत एक है। यह सच है कि भारत में अलग-अलग क्षेत्रों पर अलग-अलग समय में अलग-अलग शासकों का शासन था, लेकिन पूरे भारत में रहने वाले सभी लोगों के बीच एक अटूट संबंध बना रहा, लेकिन अफसोस की बात है कि विदेशी शासन के दौरान ब्रिटिश सरकार द्वारा ऐसा साहित्य रचा गया और जानबूझकर इतिहास लेखन के माध्यम से झूठी कहानियां गढ़ी गईं, जिससे दक्षिण भारत के लोगों के मन में उत्तर भारत के लोगों के खिलाफ जहर भर गया। झूठा इतिहास रचा गया कि, आर्य विदेशों से आए थे और उनके क्रूर आक्रमण से द्रविड़ लोग आहत होकर दक्षिण की ओर जाने को मजबूर हुए। ऐसी स्थिति में हिंदी भाषा के प्रति शत्रुता को दक्षिणी राज्यों में, तमिलनाडु में और भी अधिक तीव्रता से बढ़ावा दिया गया। कहा जाता है कि इस झूठी कहानी की शुरूआत एक जर्मन प्राच्यविद् और भाषाशास्त्री ने की थी। आज प्रचुर मात्रा में वैज्ञानिक प्रमाण मौजूद हैं जो साबित करते हैं कि आर्य आक्रमण सिद्धांत पूरी तरह से एक मिथक, मनगढ़ंत और काल्पनिक है। भारत, अमेरिका और अन्य देशों के शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में प्रकाशित शोध पत्रों के अनुसार, हड़प्पा काल के वैज्ञानिक तथ्यों के साक्ष्य के आधार पर यह कहा जा सकता है कि मध्य एशिया से आर्यों का इतने बड़े पैमाने पर प्रवास कभी नहीं हुआ। इसके अलावा कई इतिहासकारों ने भी इस झूठी कहानी को उजागर करने का काम किया है। उसके बावजूद भारत में हो रहे तेजी से विकास से ईर्ष्या करने वाले पश्चिमी दुनिया के देशों द्वारा यह एजेंडा लगातार चलाया जा रहा है। दक्षिण में हुए विकास के आंकड़ों का सहारा लेकर, पत्रिका ने शरारतपूर्ण तरीके से इस मुद्दे को राजनीति से जोड़ा और कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पास दक्षिणी राज्यों में मजबूत आधार नहीं है। पत्रिका का यह भी तर्क है कि इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान सरकार के पास पूरे देश का जनादेश नहीं है। गौरतलब है कि जिस देश (ब्रिटेन) में

The Economist

इकोनॉमिस्ट पत्रिका प्रकाशित होती है, वहां अब तक किसी भी प्रधानमंत्री को चुनाव में पूरे देश से समान जनादेश नहीं मिला है। क्या इसका मतलब यह है कि प्रधानमंत्री के पास पूरे देश का जनादेश नहीं है? दुनिया भर के लोकतंत्र के इतिहास में ऐसे बहुत कम उदाहरण हैं जब सभी क्षेत्रों से समान रूप से बहुमत वोट प्राप्त करके सरकार बनाई गई हो। इसी तरह दक्षिण भारत के कुछ नेता भी इसी प्रकार के तर्क देकर अपनी अलगाववादी राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। हम जानते हैं कि देश में कुछ भ्रष्ट नेताओं के कारण कई राज्यों का विकास बाधित हुआ, जिनमें दक्षिणी राज्य भी शामिल थे। पूर्वोत्तर के कई राज्य पूर्ववर्ती केंद्र सरकार की उपेक्षा के शिकार रहे हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर जैसे कई राज्यों को उनकी जनसंख्या के अनुपात से कहीं अधिक संसाधन मिलते रहे। जहां तक विकास का सवाल है, देश में सबसे ज्यादा प्रति व्यक्ति आय वाले दस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से केवल दो दक्षिण से हैं और वह भी पांचवें और छठे स्थान पर हैं और वह भी आईटी सेक्टर के कारण, जहां भारत के सभी हिस्सों से आने वाले लोग काम कर रहे हैं।

जहां हमारे देश में खाद्यान्न उपलब्ध कराने में उत्तरी राज्यों का महत्वपूर्ण योगदान है, उसी प्रकार औद्योगिक उत्पादन, विशेषकर इलेक्ट्रिक और आईटी उत्पाद उपलब्ध कराने में दक्षिणी राज्यों के योगदान को कम नहीं आंका जा सकता। राजनीतिक उद्देश्यों वाले लोगों ने अब दक्षिणी राज्यों को कर धन के हस्तांतरण में भेदभाव का मुद्दा उठाकर उत्तर-दक्षिण विभाजन को एक और आयाम दे दिया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सहित कर्नाटक कांग्रेस के नेताओं ने यह कहते हुए विरोध प्रदर्शन किया कि दक्षिणी राज्यों को केंद्रीय करों से उनके वैध हिस्से से वंचित किया गया है। उल्लेखनीय है कि कर हिस्सेदारी वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर तय की जाती है। 15वें वित्त आयोग की कार्यवाही के दौरान इन राज्यों ने केंद्र सरकार के समक्ष संदर्भ की शर्तों के बारे में अपनी शिकायत व्यक्त की, जिसके अनुसार वित्त आयोग को पिछले आयोग द्वारा उपयोग की जाने वाली जनसंख्या को 1971 के बजाय 2011 की जनगणना के अनुसार उपयोग करने का निर्देश दिया गया था। उनका आरोप था कि यह दक्षिणी राज्यों के ख़िलाफ़ जाएगा, क्योंकि उन्होंने अपनी जनसंख्या को कई अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर तरीके से नियंत्रित किया है। इन चिंताओं को दूर करने के लिए, 15वें वित्त आयोग ने जनसांख्यिकीय प्रदर्शन यानि जनसंख्या नियंत्रण को भी महत्व दिया।

इसके अलावा, केंद्रीय करों के कुल हस्तांतरण में आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल की हिस्सेदारी पिछले वित्त आयोग की तुलना में 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों में कमोबेश वही रही। हालांकि, कर्नाटक की हिस्सेदारी 4.71 प्रतिशत से घटकर 3.64 प्रतिशत हो गई। केरल का हिस्सा इस अवधि में में 2.5 प्रतिशत से घटकर 1.92 प्रतिशत हो गया, लेकिन केंद्रीय राजस्व में हिस्सेदारी के अलावा, इन राज्यों को महत्वपूर्ण राजस्व घाटा अनुदान भी दिया गया। आंध्र प्रदेश के मामले में यह 2021-22 से 2023-24 के लिए 30,497 करोड़ रुपये और कर्नाटक के लिए 2021-22 के लिए 1,631 करोड़ रुपये बैठता है। केरल के लिए, यह 2021-22 से 2023-24 के लिए 37,814 करोड़ रुपये और तमिलनाडु के लिए 2021-22 के लिए 2,204 करोड़ रुपये था, इसलिए आंकड़े किसी भी तरह से वित्त आयोग के कथित पूर्वाग्रह को साबित नहीं करते। हमें यह समझना चाहिए कि राष्ट्रीय एकता और क्षेत्रीय सद्भाव के मुद्दों पर, हमें अलगाववादी बयानों से बचना चाहिए, क्योंकि यह हमारे राष्ट्र की राष्ट्रीय एकता और जान कल्याण पर काफी हद तक प्रभाव डाल सकता है। अलगाववादी आवाजों पर अंकुश लगाने की जरूरत है और अलगाववादी एजेंडे में शामिल अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और मीडिया से भी सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

(लेखक डीयू में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## तन, मन, धन सब निरंकार, नहीं करना चाहिए अहंकार



संकलित
दर्शन

सद्गुरु ने ब्रह्मज्ञान प्रदान करने से पहले पांच प्रण लिए हैं। पहला प्रण है तन, मन, धन का अहंकार नहीं करना, इसे निरंकार का ही समझना है। इस प्रण को मानने से अहंकार नहीं आएगा और न ही हम में जलन-द्वेष का भाव आएगा। दूसरे प्रण में कहा कि जाति-पाति, वर्ण, आश्रम आदि का अभिमान नहीं करना। इससे भी जलन, द्वेष का भाव मनुष्य में नहीं आएगा। काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय के कारण शरीर में जो विकृतियां पैदा होती हैं और कभी-कभी जो रोग पैदा होते हैं, सभी विकार भी दूर रहेंगे। ये सभी हमारे जीवन में आनंद में रुकावट का कारण बनते हैं। कभी-कभी अकेले में निरंकार प्रभु को अपने साथ समझते हुए निरंकार प्रभु के चरणों में हाथ जोड़कर सुमरिन करें और प्रार्थना करें, हे निरंकार प्रभु अंतर्यामी, कृपा करें। मेरे सभी अवगुणों को बख्श दें और दया करें कि मेरे अंदर बुरे विचार न आएं। केवल अच्छे विचार आएं। इस शरीर से अच्छे-अच्छे कर्म हों। मेरे मुख से मधुर वाणी ही निकले। ये शरीर तेरे संतों की संगत में दौड़-दौड़ कर जाए। आप मेरे को शक्ति दें ताकि मैं संतों की बढ़-चढक़र सेवा कर पाऊं और अंतिम श्वास तक तेरे चरणों से जुड़ा रहूं। एक प्रेरणा युक्त संत के जीवन की घटना है। महान दार्शनिक और तत्त्ववेत्ता सुकरात का चेहरा बहुत कुरूप था, फिर भी वे दर्पण में बहुत बार अपना चेहरा देखते रहते थे। जब-जब सुकरात दर्पण के सामने खड़े होकर अपना चेहरा देखते, उनके शिष्य हंसने लगते किंतु सुकरात को कुछ नहीं कह पाते।

## विनम्रता ही दर्शाती है मनुष्य की श्रेष्ठता व विद्वता



संकलित
प्रेरणा

सद्गुरु की शिक्षाओं के अनुरूप कार्य सुखदायी होता है। किसी मनुष्य की निंदा न करें। सबके भले में ही हमारा भला है, यही सोचें। संत महात्मा कहते हैं कि जिन व्यक्तियों का स्वभाव झगड़ालू है, क्रोधी है, मानने वाले नहीं हैं, उन पर आप क्रोध न करें। विनम्रता मनुष्य की श्रेष्ठता दर्शाती है। निरंकार प्रभु से उनका भला मांगें। जहां तक हो सके उनका भला करें। आप अपने मन पर बोझ न डालें और अपने आपको परेशान न करें। गुरसिख तो सद्गुरु के चरणों में अरदास ही करता है। क्योंकि सबका भला करने वाला निरंकार दातार है। हमारी हिम्मत नहीं कि किसी का भला कर पाएं। हमें अपने मन, बुद्धि को निरंकार प्रभु से जोडऩा है। बाकी जो प्रभु करेगा ठीक करेगा। हमें भूल कर भी किसी का बुरा नहीं मांगना है। विनम्रता से दूसरे को सुनने और अपनी बात सुनाने में आसानी होती है। बड़े ध्यान से बात सुनी व सुनाई जाती है। विनम्रता मनुष्य की श्रेष्ठता दर्शाती है। हां, कोई स्वार्थवश ऊपर से विनम्रता दिखाता है, तो वह अपने आपको धोखा देता है। इसलिए जीवन में विनम्रता अपनाना दिव्य गुण है। विनम्रता के बिन मनुष्य अभिमानी, क्रोधी लगता है। सद्विचार हैं तो मनुष्य विनम्र भी बनेगा। आप निरंतर अपने आपको निरंकार प्रभु के निकट ही अनुभव कीजिए। वो जितने आपके निकट हैं, उतने निकट तो आपके कोई भी नहीं है, यहां तक कि आपके अंग भी नहीं। आपके निकट है आपका हाथ, जहां जरूरत होती है, पहले हाथ पहुंचता है।

## सारा संसार



मैसूर महल का निर्माण 14वीं सदी में वाडयार राजाओं ने करवाया था, जबकि इसका डिजाइन प्रसिद्ध ब्रिटिश वास्तुकार हेनरी इरविन ने तैयार किया था। यह वाडियार महाराजाओं का निवास स्थान हुआ करता था। मैसूर पैलेस दविड़, पूर्वी और रोमन कला का अद्भुत संगम है।

रिपोर्ट
डॉ. मोनिका शर्मा




# खुशी मापने का दोहरा पैमाना

हाल ही में आई विश्व खुशहाली रिपोर्ट-2024 में भारत को 126वें स्थान पर रखा गया है। जीवनयापन की बेहतरी और कमतरी मापने के जाने कौन से पैमाने रहे कि हमारे देश को इस सूची में युद्ध की विभीषिका झेल रहे देशों से भी पीछे स्थान दिया गय। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि सामुदायिक जीवन में उत्सवीय मेलजोल और आर्थिक मोर्चे पर आगे बढ़ने के कई मापदंडों पर रेखांकित करने योग्य उपलब्धियों के बावजूद इस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग कम कैसे है? सवाल यह भी है कि लंबे समय से अस्थिरता और आतंक का दंश झेल रहे देशों की खुशहाली किस आधार तय की गई है? ज्ञात हो कि भारतीय नागरिकों की खुशहाली को कम आंकने वाली इस सूची में युद्ध से जूझ रहे रूस और यूक्रेन की रैंकिंग काफी ऊंची है।सुखी देशों की रैंकिंग वाली इस सूची में रूस का 70वां और यूक्रेन का 92वां स्थान है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क द्वारा जारी वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग 136 से 126 तक आने और सुधार होने की बात कही गई है, पर नेपाल, चीन, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से पीछे होना परेशान करने वाली बात है, जबकि हाल ही में महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और स्त्री सुरक्षा और स्थिति के लिए समर्पित मंच सीएसडब्लू के उद्घाटन सत्र में स्वयं संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने महिलाओं पर युद्धों से होने वाले असंगत प्रभाव की बात कही थी। अवसाद और तनाव के बढ़ते आंकड़ों के बीच पारिवारिक व्यवस्था मन को थामने का आधार बनी हुई है। बड़ी आबादी और विभिन्न समुदायों वाले भारतीय समाज में शिक्षा का स्तर बढ़ा है, पर सांस्कृतिक भाव कायम है। यही जुड़ाव तो इन्सानों के मन को खुशी देता है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि सामुदायिक जीवन से जुड़ाव बने रहने का मनुष्य के सुख से सीधा नाता है। ध्यातव्य है कि इस बार सूचकांक में विकसित और सुविधासंपन्न जीवनशैली वाला देश अमेरिका, शीर्ष 20 देशों में भी जगह नहीं बना सका। रिपोर्ट कहती है विकास पथ अग्रसर अमेरिकी समाज में बच्चे अकेलेपन का शिकार हैं। ध्यान इस ओर भी देना होगा कि इस सूची में शीर्ष स्थान पाने वाले फिनलैंड की आबादी ही बहुत कम है। 140 से अधिक देशों का मूल्यांकन करने वाली रिपोर्ट में सामाजिक सुरक्षा, आय, स्वतन्त्रता, उदारता, भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति और जीवनकाल जैसे बिन्दुओं पर देशों की खुशहाली का आकलन किया जाता है। मानव मन और जीवन की बेहतरी से जुड़े इन मानकों पर स्थितियों को आंकने वाली इस सूची में पाकिस्तान 108वें स्थान पर हैं। व्यावहारिक रूप से आर्थिक बदहाली और कर्ज के बोझ तले दबे हमारे इस पड़ोसी देश के नागरिकों का भारतीयों से ज्यादा खुशहाल होना समझ से परे लगता है। निस्संदेह, नागरिकों की ख़ुशी के बिना आर्थिक विकास और समृद्धि के सारे मापदंड अर्थहीन लगते हैं, पर भारत में बेहतरी के प्रयास हर पक्ष पर जारी हैं। रेखांकित करने बात यह भी है कि भारत का सामाजिक-पारिवारिक मानस आज भी साझे सुखद को जीने और सद्भाव को सींचने का भाव लिए हैं। यह किसी भी समाज के सुखी होने के लिए सबसे जरूरी है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### चुनाव के समय अभद्र भाषा का प्रयोग अशोभनीय

देश में आम चुनाव का मौसम है। राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन कुछ राजनेता अभद्र, बेतुकी बयानबाजी भी इस दौरान करते हैं। हाल ही में कंगना रनौत और ममता बनर्जी के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग हुआ, वो मामला सुर्खियों में है। हिमाचल प्रदेश में सुप्रिया श्रीनेत, जो कि कांग्रेस से संबंधित हैं, द्वारा कंगना रनौत पर जो भद्दी टिप्पणी का मामला सामने आया है, उसके लिए सुप्रिया श्रीनेत ने स्पष्ट किया है कि यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं कि गई है।

-राजेश कुमार चौहान, रायपुर

### ट्रेंड

#### कांग्रेस ने अपमान किया



एक तरफ विकास के पथ पर बिहार को तेजी से आगे ले जाने में जुटी एनडीए सरकार है, तो दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो राज्य को लालटेन युग में ही रखना चाहते हैं। कांग्रेस और आरजेडी ने बिहार और बिहारी गौरव का हमेशा अपमान किया है। इसके एक नहीं, अनेक उदाहरण हैं(

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

#### बेरोज़गारी सबसे बड़ी समस्या



आगे कोई पूछे कि इस समय इस देश के सामने सबसे बड़ी क्या समस्या है, तो बिना झिझके बोलना होगा बेरोज़गारी। बेरोज़गारी सबसे भयावह समस्या है और अब सिर्फ़ सिंपल ग्रेजुएट ही नहीं, आईआईटी जैसे संस्थान भी बेरोज़गारी से अछूते नहीं।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

#### मेरी पीढ़ी को फायदा



नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले उदारीकरण कार्यक्रमों से मेरी पीढ़ी को अत्यधिक लाभ हुआ। उन लाभों ने आत्मविश्वास के स्तर को बदल दिया और इस प्रतिभाशाली, आत्मविश्वास से भरी युवा पीढ़ी को जन्म दिया जो भारत को उस चीज से आगे ले जा रही है।

-हर्षा भोगले, क्रिकेट एक्सपर्ट

#### मोदी के भारत में विकास




पीएम मोदी के भारत में ये हो रहा है- 2014 के बाद से शेयर बाजार का बाजार तीन गुना बढ़ गया है। अर्थव्यवस्था का आकार दोगुना हो गया है। शेयरों में निवेश करने वालों की संख्या 2% से बढ़कर 5% हो गई है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# 'ताइवान के मुद्दे पर अमेरिका न लांघे अपनी सीमा'

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन से फोन पर बात की थी, जो पिछले नंबर में सैन फ्रांसिस्को में उनके ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। बाइडन को बातचीत के दौरान जिनपिंग ने कहा कि ताइवान पहली लाल रेखा है, जिसे अमेरिका द्वारा पार नहीं किया जाना चाहिए, साथ ही टो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि चीन हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठेगा। हालांकि व्हाइट हाउस ने 1 घंटे 45 मिनट की बातचीत को कई मुद्दों पर स्पष्ट और रचनात्मक बताया है। जारी बयान के मुताबिक, बाइडन ने ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया है। साथ ही रूस के रक्षा उद्योग के लिए चीन के समर्थन पर भी चिंता जताई है।




अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने दक्षिण चीन सागर में कानून के शासन और नेविगेशन की स्वतंत्रता के महत्व पर जोर दिया। चीन के विदेश मंत्रालय ने भी कहा कि दोनों नेताओं के बीच स्पष्ट और गहन बातचीत हुई। मंत्रालय ने कहा कि शी जिनपिंग ने अमेरिका-चीन संबंधों को स्थिर होने की शुरुआत बताया। दोनों पक्षों से ध्यान देने की आवश्यकता है। हालांकि, ताइवान पर चीन का बयान सामने आया है। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी स्व-शासित लोकतंत्र को अपने क्षेत्र के रूप में दावा करती है और यदि


## ऑफ बीट

# सूर्य ग्रहण में दान करें इनमें से कोई भी एक चीज

साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल को लगने जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य ग्रहण को बेहद महत्वपूर्ण घटना माना जाता है। सूर्य ग्रहण के प्रभाव से कई तरह के परिवर्तन देश-दुनिया में देखने को मिल सकते हैं। साथ ही इस दिन आप भी कुछ चीजों का दान करके और कुछ आसान उपाय करके अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। गेहूं: सूर्य ग्रहण के दिन गेहूं का दान करने से करियर से जुड़ी समस्याओं का अंत होता है। करियर में आ रही सभी रुकावटों को दूर करने के लिए आप ये उपाय आजमा सकते हैं। चना: अगर घर में सुख-समृद्धि की कामना करते हैं तो सूर्य ग्रहण पर चना दान करना चाहिए। इससे सूर्य के साथ ही बृहस्पति ग्रह की भी आपको कृपा प्राप्त होती है। लाल वस्त्र: सूर्य ग्रहण के दिन लाल वस्त्र दान करके आप सूर्य की कृपा प्राप्त कर सकते हैं। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और सफलता के द्वारा आपके लिए खुलते हैं। गुड़: गुड़ का दान करके आर्थिक स्थिति सुधरती है, अटका धन वापस मिलता है। स्वर्ण: सोने का दान करना सबके सामर्थ्य में नहीं होता लेकिन फिर भी अगर आपकी सामर्थ्य हो तो आप सूर्य ग्रहण के दिन थोड़ी मात्रा में स्वर्ण दान कर सकते हैं। इससे आपकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं हर क्षेत्र में सफलता आप पाते हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




## पीएम मोदी 12, तो शाह 9 अप्रैल को जाएंगे जम्मू

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में भाजपा ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य बड़े नेताओं के चुनावी सभाओं की तिथियां जारी कर दी गई हैं। पहले और दूसरे चरण में उधमपुर तथा जम्मू संसदीय सीट के लिए होने वाले मतदान के लिए पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करेंगे।



आईएमडी का दावा

## इस बार अप्रैल में ही पड़ेंगे लू के थपेड़े, 5 दिन का अलर्ट

**नई दिल्ली।** अप्रैल की शुरुआत में ही गर्मी ने ट्रेलर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अप्रैल में ही राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात समेत कई राज्यों में 20 दिन लू चलेगी। अहमदाबाद में भीषण गर्मी के बाद 100 ट्रैफिक सिग्नलों को 12 बजे से 4 बजे तक बंद करने का ऐलान किया है। राज्य के कई स्थानों में स्कूलों के समय पर बदलाव हुआ है। बंगाल, ओडिशा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों में अगले 5 दिन हीट वेव की चेतावनी जारी की है। उत्तरी राज्यों दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड में मौसम बदलने वाला है। कई राज्यों को भयानक हीटवेव का सामना करना पड़ रहा है। जून तक पूरे देश का करीब 85 फीसदी हिस्सा आग में झुलसेगा। पिछली साल यह आंकड़ा 60 था। कर्नाटक में हीट वेव की स्थिति अल नीनो प्रभाव में वृद्धि के कारण है।

यात्रियों ने ऐसा कदम उठाया कि दुनिया में बन गया एक नजीर

# थाईलैंड के जहाज में आग लगने के बाद जान बचाने समुद्र में कूदे 108 यात्री

*थाईलैंड में भीषण जहाज हादसे की चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जिसमें तड़के एक जहाज के उड़ान भरने के बाद अचानक उसमें आग लग गई। इससे बीच हवा में ही यात्रियों की जान आफत में पड़ गई। इसके बाद यात्रियों ने अपनी जान बचाने के लिए जो कदम उठाया वो दुनिया में एक नजीर बन गया। सभी यात्री समुद्र में कूद गए।*

» *जहाज थाईलैंड के तट से दूर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल कोह ताओ जा रहा था*

### जहाज के उड़ान भरने के बाद अचानक लगी आग से मचा कोहराम

» *आग लगते ही प्लेन में मौजूद यात्रियों की अटक गई सांसें उठाया बड़ा कदम*

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड की खाड़ी में गुरुवार तड़के हुए एक जहाज हादसे ने पूरी दुनिया को हैरत में डाल दिया है। जहाज के उड़ान भरते समय अचानक मिड-एयर होने के दौरान ही आग लग गई।

आग लगते ही प्लेन में मौजूद यात्रियों की सांसें अटक गई। लोगों के बीच जान बचाने की होड़ में चीख-पुकार मच गई। जहाज में लगी भीषण आग लगातार बढ़ती जा रही थी। लिहाजा यात्रियों ने फिर जो किया, वैसा आज से पहले दुनिया के किसी जहाज हादसे में शायद पहले कभी नहीं हुआ होगा। भीषण आग की चपेट में बीच हवा में फंसे यात्रियों ने अपने जान की बाजी लगाकर प्लेन से समुद्र में कूद गए।

**पहले धुंआ और फिर पांच मिनट से भी कम समय में लग गई आग**




**सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे**


घबराए यात्रियों को समुद्र में कूदते देख पायलट और क्रू मेंबर भी हैरान रह गए। हालांकि समुद्र में कूदने वाले सभी 108 लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बता दें कि सूरत थानी प्रांत से रात भर चलने वाला जहाज थाईलैंड के तट से दूर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल कोह ताओ पहुंचने ही वाला था कि तभी यात्रियों में से एक ने अचानक एक जोरदार आवाज सुनी और धुएं की गंध महसूस की। मैत्री प्रोमजम्पा ने बताया कि उन्होंने पहले धुंआ और पांच मिनट से भी कम समय में आग लगते हुए देखी और तभी लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया और अलार्म बजा दिया। उन्होंने बताया कि हम बमुश्किल से ही जीवनरक्षक जैकेट प्राप्त कर सके। अफरा-तफरी मच गयी। लोग चिल्ला रहे थे, मेरे भी आंसू आ गए।

### इंजन में लग गई थी आग जांच में जुटी टीम

सूरत थानी अधिकारियों ने फेसबुक पर बताया कि जहाज पर सवार 108 लोगों में से 97 यात्री थे। प्रांत के जन संपर्क विभाग ने बताया कि सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वीडियो में दिख रहा है कि लोग लाइफ जैकेट पहनकर जहाज के केबिन से तेजी से बाहर निकल रहे हैं। जहाज पर काला धुआं फैलते हुए देखा जा सकता है। बाद में जहाज से आग की लपटों को निकलते हुए देखा जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया। आग जहाज के इंजन में लगी थी। इसके कारण की जांच की जा रही है।

चट्टान कहकर श्रीलंका को दी थी जमीन

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताई 'कच्चातिवु' की सच्चाई




एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को तमिलनाडु की डीएमके पार्टी पर श्रीलंका को कच्चातिवु द्वीप देने के मामले में जमकर निशाना साधा। जयशंकर ने दावा किया कि इंदिरा गांधी ने जब पांच दशक पहले श्रीलंका को भारत का यह द्वीप सौंपा था तब डीएमके भी उसके पक्ष में थी।

■ एस जयशंकर ने डीएमके पर हमला बोला

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान तमिलनाडु में वोटिंग से पहले एस जयशंकर कहा कि राज्य के लोगों को इस मामले की पूरी सच्चाई पता होनी चाहिए। एस. जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि जो सबसे महत्वपूर्ण है वह यह है कि तमिलनाडु के लोगों को सच्चाई पता होनी चाहिए। यह कैसे हुआ? ऐसा इसलिए होता है क्योंकि जब केंद्र सरकार इस मुद्दे पर डीएमके बातचीत कर रही थी, लेकिन इसे मामले को पूरी तरह से गुप्त रखा गया था। तत्कालीन सरकार ने कच्चातिवु को छोटी चट्टान मानकर श्रीलंका को दिया था।

### 9 सोमालियाई समुद्री डाकुओं को पुलिस को सौंपा



**मुंबई।** पूर्वी सोमालिया में ईरानी जहाज एफवी अल कंबर को अपहृत करने वाले सभी 9 समुद्री लुटेरों को भारतीय नौसेना ने 3 अप्रैल को पश्चिमी तट पर लाकर मुंबई पुलिस को सौंप दिया। गौरतलब हो कि अरब सागर में यह घटना 29 मार्च को हुई थी, जिसमें भारतीय नौसेना ने लगभग 12 घंटे तक चले इस ऑपरेशन के बाद समुद्री डकैती रोकने के साथ ही 23 पाकिस्तानी नागरिकों को बचाया था। बुधवार देर रात मुंबई लाए गए इन सोमालियाई लुटेरों के विरुद्ध अब आगे की कार्रवाई समुद्री कानून के तहत की जाएगी।

### श्रीलंका से रिहा हुए 19 मछुआरे चेन्नई पहुंचे

तमिलनाडु के 19 मछुआरों को श्रीलंकाई जेल से रिहा कर दिया गया है। सभी मछुआरे श्रीलंका के कोलंबो से एयर इंडिया के जरिये चेन्नई पहंच गए हैं। गौरतलब हो कि समुद्री सीमा पार करने के आरोप में पिछले महीने 6 मार्च को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। इन 19 मछुआरों में मयिलादुथुराई के 9, पुदुकोट्टई के 4 और पुडुचेरी राज्य के कराईकल के 6 मछुआरे शामिल थे। ये सभी 6 मार्च को 2 नावों पर सवार होकर समुद्र में मछली पकड़ने गए थे। भारत सरकार के हस्तक्षेप के बाद श्रीलंकाई अदालत ने मछुआरों को रिहा करने का फैसला लिया है।

4 अप्रैल 1949 को हुई थी स्थापना

## 'नाटो' ने मार्चिंग बैंड के साथ मनाया 75वां स्थापना दिवस

एजेंसी ▶▶ ब्रुसेल्स

नाटो ने गुरुवार को पूरे यूरोप और उत्तरी अमेरिका में सामूहिक रक्षा के 75 साल पूरे होने का झंडे, केके और मार्चिंग बैंड के साथ जश्न मनाया। वहीं, यूक्रेन पर रूस का युद्ध अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है और सहयोगियों के संकल्प की कड़ी परीक्षा ले रहा है। ब्रुसेल्स में केक सेरेमनी में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और उनके समकक्ष उस क्षण को चिह्नित किया। 4 अप्रैल, 1949 को वॉशिंगटन में गठबंधन की स्थापना हुई थी।



**गंभीर वादे पर स्थापना**

नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि नाटो की स्थापना एक ही गंभीर वादे पर की गई थी। एक सहयोगी पर हमला सभी पर हमला है। उस नींव से, हमने इतिहास में सबसे शक्तिशाली और सफल गठबंधन बनाया है। ब्लिंकन ने नाटो को एक रक्षात्मक गठबंधन के रूप में वर्णित किया, जिसका किसी अन्य देश के क्षेत्र पर कोई इरादा नहीं है।

अमेरिका ने दी सफाई

## भारत से रूसी तेल कम करने को नहीं कहा



**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि रूसी तेल के निर्बाध कारोबार की अनुमति देना उसे हमेशा से ही अस्वीकार्य था और रहेगा। रूस के पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें तय करने का उद्देश्य मॉस्को को कम दाम पर तेल बेचने के लिए मजबूर करना है। अमेरिका ने भारत को रूस से तेल की मात्रा कम करने के लिए नहीं कहा है। विदेश मंत्री एरिक वान नोस्ट्रैंड ने कहा कि जी-7 समूह देशों की ओर से रूसी तेल की कीमतों को तय करने से जहां यूक्रेन में युद्ध की खातिर रूस को धन जुटा पाना मुश्किल हुआ।

सभी के आधार कार्ड बरामद

## नेपाल बॉर्डर से दो पाकिस्तानियों समेत तीन आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपी एटीएस ने सनौली भारत-नेपाल सीमा से 3 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो पाकिस्तानी और एक कश्मीरी है। आतंकियों के नाम मोहम्मद अल्ताफ और सैय्यद गजनफर हैं। उनके साथ कश्मीरी आतंकी नासिर अली को भी गिरफ्तार किया है। पाक आतंकी मोहम्मद अल्ताफ हिजबुल मुजाहिद्दीन के कैंप में ट्रेनिंग ले चुका है। एटीएस ने जब इन तीनों को दबोचा, तब इन्होंने खुद को भारतीय दिखाने की पूरी कोशिश की।



**आईएसआई के संपर्क में**

जांच में इन आतंकियों के पास से भारतीय पासपोर्ट भी बरामद हुआ है। इसके अलावा इनके पास से भारत, नेपाल, बांग्लादेश और अमेरिका की करेंसी भी बरामद हुई है। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आतंकी नासिर अली आईएसआई के अपने हैंडलर सलीम से लगातार संपर्क में था, वह उसे निर्देश दे रहा है।

## सेना अपनी युद्ध क्षमताओं में कर रही है लगातार सुधार

**नई दिल्ली।** सेना भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के समग्र प्रयासों के तहत परिवर्तनकारी सुधार करने की योजना बना रही है। शीर्ष सैन्य कमांडरों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए युद्ध क्षमता को बढ़ाने और एक प्रतिद्वंद्वी बल के रूप में कार्य करने के लिए एक मजबूत व्यावहारिक संगठन बनाने की व्यवहार्यता पर काम करने का निर्णय लिया है। कमांडरों ने एक सम्मेलन में सैन्य बल की मानव संसाधन प्रबंधन नीति को संशोधित करने का भी निर्णय लिया ताकि प्रौद्योगिकी-सक्षम भविष्य के लिए तैयार भारतीय सेना की आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में इसे और अधिक उन्नत बनाया जा सके। सेना के शीर्ष अधिकारियों ने 'आत्मनिर्भरता' पर ध्यान केंद्रित करते हुए भविष्य की क्षमता विकास की दिशा में विशिष्ट प्रौद्योगिकी को शामिल करने के लिए संगठनात्मक और प्रक्रियात्मक परिवर्तन करने की भी प्रतिबद्धता जताई। इसने कहा कि इस पहल को और बढ़ावा देने के लिए कोष के वास्ते एक अलग मद बनाने का विकल्प तलाशा जाएगा। सेना के शीर्ष अधिकारियों ने एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिया जिसके तहत सैन्य बल की मानव संसाधन प्रबंधन नीतियों को संशोधित किया जाएगा और प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे के साथ विशिष्ट प्रौद्योगिकी को जोड़ा जाएगा। संशोधित नीति प्रौद्योगिकी-सक्षम भविष्य के लिए तैयार भारतीय सेना की आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में अधिक सहायक और उन्नत होगी।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने कैंसर के इलाज के लिए स्वदेशी सीएआर टी-कोशिका थेरेपी की शुरुआत की

**मुंबई,(भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कैंसर के मरीजों के इलाज के लिए स्वदेश में विकसित 'सीएआर टी-कोशिका' थेरेपी की बृहस्पतिवार को शुरुआत करते हुए इसे एक ''बड़ी उपलब्धि'' बताया जो इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में ''मानव जाति को एक नयी उम्मीद'' देती है। यहां पवई में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बंबई में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा कि इस थेरेपी का विकास 'मेक इन इंडिया' पहल का एक उदाहरण है। अधिकारियों के अनुसार, आईआईटी बंबई और टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा विकसित यह जीन आधारित थेरेपी विभिन्न प्रकार के रक्त कैंसर समेत कैंसर के इलाज में मदद करेगी। नेक्ससीएआर19 सीएआर टी-कोशिका थेरेपी भारत




की पहली 'मेड इन इंडिया' सीएआर टी-कोशिका थेरेपी है जो इलाज की लागत कम लाने में मददगार साबित होगी। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सीएआर टी-कोशिका थेरेपी को चिकित्सा विज्ञान में अभूतपूर्व प्रगति में से एक माना जाता है। उन्होंने कहा, ''इस थेरेपी का विकास 'मेक इन इंडिया' पहल का भी उदाहरण है और यह भारतीय वैज्ञानिकों व चिकित्सकों की क्षमता के बारे में बताती है। मुर्मू ने कहा भारत की पहली जीन थेरेपी की शुरुआत कैंसर के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक बड़ी उपलब्धि है। सीएआर टी-कोशिका थेरेपी इस प्रकार के इलाज को सुगम व किफायती बनाती है जिससे यह पूरी मानव जाति को एक नयी उम्मीद देती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25